RNI No. CHHHIN/2009/35020

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्षः -15 ◆ अंकः 342   डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, सोमवार 9 अक्टूबर 2023





पेज -7 पर सरकारी संरक्षण में रेत के अवैध कारोबार से मालामाल हो रहे कांग्रेसी- डॉ खिलावन

किसान नेता योगेश भाजपा में हुए शामिल केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने समारोह में ... पेज -8 पर




मनोकामना ज्योति कलश



651/- रुपये

कन्या छूट - 100/- रूपए

श्री-श्री सिद्ध शक्ति पीठ मां भगवती अंबेटिकरा मंदिर धरमजयगढ़

शारदीय नवरात्र 2023 (15 अक्टूबर से 24 अक्टूबर 2023 तक)

मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जावलित करने के लिए संपर्क करें :-

**धरमजयगढ़ -:** मामू पान दुकान राजमहल गेट के पास 9977963676, शारदा फैंसी क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9424181141, हरिचरण अग्रवाल नीचेपारा 7415213137,अजय सायकल बस स्टैण्ड 9977082840, आनंद वस्त्रालय बस स्टैण्ड 9977531361, पंजाब आटो बस स्टैण्ड 9424181140, जयेश मेडिकल थाना के पास 982687777, गुड़िया होटल गांधी चौंक 7415559910, गोयल क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9303807845, सांई मंगलम बस स्टैण्ड 9406348000, गोल्डी मोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 9981746848,मधुबन इलेक्ट्रीकल-9827442299, जयजयराम तराईमार-9302283427, बंजारी आटोमोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 975438030, जिन्दल हार्डवेयर 9424181490, आशीर्वाद कलेक्सन पोस्ट ऑफिस के पास 8719994424, जितेन्द्र ठक्कर नीचेपारा 7415556685,आशीष विश्वास 9424181448, शिवहरी शर्मा नीचेपारा 9424181352, विजय शर्मा नीचेपारा 8982636327, माधोराम पटेल (शाहपुर) 881241652, गोविन्द साव शाहपुर 9300282757, शशि पटेल शाहपुर 8878311918, अशोक मिश्रा (शाहपुर) 8817194216, मनोज अग्रवाल 9826148026, ठंडा राम चौधरी वन मंडल 9907393129, जगदीश सरकार 7413213153, वीरेन्द्र शर्मा 8839524189, पवन अग्रवाल गेरसा 8815256691, किशोर बेहरा नवागांव 7987415660, राधेश्याम त्रिपाठी 8817241652, श्याम मेडिकल 8839663600, पुरूषोत्तम अग्रवाल जय स्तंभ चौंक 7999784287, दिकेश्वर राठिया कुदमुरा 8889583311, जयनारायण राठिया सिथरा 6261463670, दिनेश राठिया सरपंच लक्ष्मीपुर 7828085380, जानकी प्रसाद डनसेना जमरगी डी 9753320018, पुरूषोत्तम राठिया अमृतपुर 8305301737, शिवकुमार राठिया बायसी 6267434458, उत्तरा पटेल पुरूंगा 6265998353, किशोर राठिया रूपूंगा 6260994311, सुनिता ध्रुव जेलपारा, योगेश गोपाल (गोपाल बाबू) 9993318928, **बाकारुमा**-टीमन बारिक 7987884554, **महाराजगंज**- श्री खगेश्वर राठिया 934308162, **पत्थलगांव -:** अनिल अग्रवाल पेट्रोल पंप 9425573959, सुशील हार्डवेयर 9993149510, **रायगढ़ -:** पुरूषोत्तम अग्रवाल (संजीवनी हास्पिटल) 9425251365, रविशंकर तिवारी (जिला न्यायालय) 9300974856, **घरघोड़ा -:** गंगाराम पैंकरा (वन विभाग) 9406220044, रितेश शर्मा जय स्तंभ चौक 7898793111, राधेश्याम राठिय छर्राटांगर 7610732424 **कोरबा -:** मनोज मित्तल (वेदांशा इंटरप्राइजेस) 9907511110, **खड़गांव -:** राजेन्द्र अग्रवाल 9826961495, **हाटी -:** गोकुल पान सेन्टर 9988176184, अरुण अग्रवाल (अग्रवाल कम्प्यूटर) 9993849678, रवि पटेल 7999315321 **कुड़ेकेला -:** विजय अग्रवाल (चौधरी) 9981375222, **छाल -:** एम.एस.ठाकुर 9926194495, रामकृष्ण तिवारी 9425537111 **खरसिया -:** नारायण प्रसाद चक्रधारी 9826183759, युगल वैष्ण अधिवक्ता 7000015881, नटवर अग्रवाल **तपकरा-:** प्रिति आटोमोबाइल्स 9424185996, **लैलूंगा-:** कुंजराम पैंकरा 8827771848, कृष अग्रवाल 9301185400, **कुडूमकेला-:** शिव सिंह सीएमपीडीआई 9098165311, **खम्हार-:** पिन्टू अग्रवाल अजय किराना 9098893900, **लुड़ेग-:** प्रेमसागर काडरो 9111469953, प्रेमसागर 930338981 **कोतबा-:** सुखसागर अग्रवाल (एलआईसी) 9424182919 **सीतापुर:-** निरंजन मिश्रा 7000494560, कार्तिक मानिकपुरी 9406022606

मनोकामना ज्योत का प्रसाद जहां से रसीद प्राप्त किए हैं वहीं से प्राप्त करें।


## एक नजर

### रायपुर कोर्ट की पार्किंग से महिला क्लर्क की गाड़ी पार

**रायपुर।** रायपुर कोर्ट की पार्किंग से वहां पदस्थ महिला क्लर्क की एक्टिवा चोरी हो गई है। महिला रेशमी ठाकुर सुबह अपनी ड्यूटी पर आई। उसने पार्किंग में स्कूटी खड़ी की और कोर्ट के अंदर ऑफिस में चली गई। जब शाम को वो वापस लौटी, तो उसने देखा कि उसकी एक्टिवा वहां पर मौजूद नहीं है। इसके बाद महिला ने सिविल लाइन थाने में FIR दर्ज कराई।

इस मामले में शिकायत करते हुए रेशमी ठाकुर ने पुलिस को बताया कि वो पुरानी बस्ती में रहती है। वो रायपुर कोर्ट में क्लर्क है। 4 अक्टूबर की सुबह साढ़े 10 बजे के करीब वो कोर्ट की पार्किंग में पहुंची और वहां उसने अपनी गाड़ी लॉक कर खड़ी कर दी। शाम को जब वो घर जाने के लिए निकली, तो उसने देखा कि वहां पर उसकी गाड़ी नहीं थी।


## राधेश्याम राठिया की अनदेखी करना भाजपा को पड़ेगा भारी

**घरघोड़ा के दिग्गज नेताओं ने डूबायेंगे भाजपा की नैया**

जोहार छत्तीसगढ़
धरमजयगढ़।

विधानसभा चुनाव अब कुछ ही दिन बचा है, कभी भी आचार सिहंता लग सकता है। मुख्य दोनों पार्टी जोर लगाना शुरू कर दिया है। कांग्रेस फिर से सरकार बनाने की जुगाड़ में भीड़ा है तो वहीं भाजपा फिर सता में काबिज होने की कोशिश कर रही है।

भाजपा किसी भी हाल में सरकार बनाने में जूट गई है। जिस कारण भाजपा 21 सीटों में अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है ताकि नाखुश कार्यकर्ताओ को मना सकें। लेकिन धरमजयगगढ़ विधानसभा में कुछ और ही दिख रहे हैं। घरघोड़ा क्षेत्र के दिग्गज आदिवासी नेता राधेश्यम को इसबार भी भाजपा अपना उम्मीदवार नहीं बनाया जिसके कारण राधेश्यम पार्टी से नाराज चल रहे हैं। लेकिन मजेदार बात है कि घरघोड़ा क्षेत्र में जिला महामंत्री, मंत्री, जिला उपाध्यक्ष एवं अल्प संख्यक प्रदेश अध्यक्ष होने के बाद भी घरघोड़ा क्षेत्र भाजपा के लिए संकट पैदा कर सकता है। बताया जा रहा है कि भाजपा जिला महामंत्री द्वारा राधेश्यम राठिया को अनदेखा किया जा रहा है। राधेश्यम राठिया घरघोड़ा क्षेत्र का एक नामी भाजपा नेता है और इस तरह एक दिग्गज नेता का अनदेख करना भाजपा को कितना महंगा पड़ेगा ये तो आने वाला समय में ही पता चलेगा। इससे तो एक बात साफ हो जाता है कि इसबार भी भाजपा की नैया को डूबाने में घरघोड़ा के बड़े नेताओं का हाथ हो सकता है? हम आपको बात दें कि भारतीय जनता पार्टी ने महीनों पहले धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए हरिशचंद्र राठिया को प्रत्याशी घोषित कर दिया है। जिसके बाद से ही हरिशचंद्र राठिया कड़ी मेहनत कर प्रचार-प्रसार में जुट गए हैं। लेकिन क्या हरिशचंद्र राठिया भाजपा की नैया पार लगाने में कामयाब हो पाएंगे। अनुकूल वातावरण रहते हुए भी कहीं नेताओं की गुटबाजी भाजपा की नैया को डूबा तो नहीं देगी। जिस तरह कांग्रेस में बड़े नेताओं में नाराजगी सुनाई दे रही है।





जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

वैसी ही भाजपा में भी खुलकर गुटबाजी दिख रही है। धरमजयगढ़ में थोड़ी बहुत गुटबाजी दिखती है लेकिन घरघोड़ा क्षेत्र में कार्यकर्ताओं की गुटबाजी चरम पर है। जहां भाजपा के कई बड़े बड़े दायित्व लिए हुए कार्यकर्ता हैं। भारतीय जनता पार्टी छाल क्षेत्र एवं घरघोड़ा क्षेत्र में सबसे ज्यादा कमजोर रहती है। लेकिन इस बार इतने सारे बड़े पदाधिकारी इस गड्ढे को बराबर कर सकते हैं। लेकिन एक गुट के बड़े पदों में आसीन होने के बाद दूसरे पंक्ति के कार्यकर्ताओं में जमकर नाराजगी है। यदि इस क्षेत्र से भाजपा बढ़त बना लेती है तो बड़े नेता अपनी ही पीठ थपथपाएंगे। यदि पराजय हुई तो टिकट के दावेदारों या छोटे कार्यकर्ताओं के सिर ठिकरा फोड़ दिया जाएगा। कांग्रेस के प्रति लोगों में विरोध देखने के लिए मिल रहा है वहीं भाजपा एवं हरिशचंद्र राठिया के प्रति विश्वास जता रही है। लेकिन कहीं गुटबाजी के कारण कुछ गड़बड़ न हो जाए।

## चुनाव के लिए वाहनों का अधिग्रहण शुरू



**रायपुर।** चुनाव होने में अभी एक से डेढ़ महीना बाकी है। चुनाव को देखते हुए पुलिस विभाग ने वाहनों का अधिग्रहण करने का काम शुरू कर दिया है।

इसी कड़ी में रायपुर में अब तक 80 के करीब वाहनों का अधिग्रहण कर बाहर से आने वाली फोर्स को अलग-अलग जगह भेजने का कार्य किया गया है। वाहनों के अधिग्रहण करने की पुष्टि एएसपी सिटी लखन पटले ने भी की है। पुलिस रक्षित केंद्र के परिवहन शाखा के अफसरों के मुताबिक जरूरत के हिसाब से अभी वाहनों का अधिग्रहण किया जा रहा है। सुरक्षा फोर्स की अलग-अलग 20 कंपनियां यहां पहुंच चुकी हैं। उन कंपनियों को उनकी निर्धारित जगहों पर भेजने के लिए वाहनों का अधिग्रहण किया गया है। अफसरों के मुताबिक चुनाव आचार संहिता लगने के बाद बड़े पैमाने पर सुरक्षा कंपनियों की आमद होगी। इसके बाद वाहन अधिग्रहण करने के काम में तेजी आएगी। गौरतलब है, छत्तीसगढ़ की गिनती नक्सल प्रभावित राज्य के रूप में होती है। इस लिहाज से चुनाव के समय संवेदनशील इलाकों में चुनाव के पूर्व सुरक्षाबलों की तैनाती की जाती है।

**छत्तीसगढ़ कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक खत्म**

## अब तक 65 नाम तय, 25 सीटों के लिए लग सकती है मुहर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस की प्रदेश चुनाव समिति की बैठक खत्म हो गई है। ये बैठक रविवार दोपहर करीब 12.30 बजे मुख्यमंत्री निवास में शुरू हुई। इस बैठक में सभी 90 सीटों पर सिंगल नाम तय किए जाएंगे। अब तक लगभग 65 सीटों पर सिंगल नाम तय हो चुके हैं। बाकी बचे 25 सीटों पर मीटिंग में चर्चा हो रही है। दिल्ली में होने वाली केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक से पहले यह बैठक बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है, जिसमें प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव समेत समिति के सदस्य शामिल हुए हैं। कुछ दिन पहले ही पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा था कि 10 अक्टूबर के बाद कांग्रेस प्रत्याशियों की सूची जारी की जाएगी। इसलिए ये कयास लगाए जा रहे हैं कि प्रत्याशी चयन को लेकर ये अंतिम बैठक हो सकती है।



### अब तक 6 बार हो चुकी है चुनाव समिति की बैठक

*अब तक 6 बार से ज्यादा कांग्रेस प्रदेश चुनाव समिति की बैठक हो चुकी है। बैठक में कुल आवेदनों पर चर्चा हुई। 2 हजार से ज्यादा दावेदारों के आवेदनों में काट-छांट कर लगभग 300 लोगों की एक लिस्ट तैयार की गई थी, जिसमें 40 सीटों पर सिंगल नाम तय किए गए थे। इसके बाद भी बैठकों का दौर जारी रहा और अब तक 65 सीट पर सिंगल नाम तय कर लिए गए हैं।*

**लाखों की चांदी की पायल जब्त**

## वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस को देख भाग निकला युवक, चुनावी कनेक्शन की आशंका

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के चलते पुलिस अपराधिक गतिविधियों पर नजर रख रही है. आज वाहन चेकिंग के दौरान बाइक सवार युवक पुलिस को देखकर चांदी की पोटली फेंककर भाग निकला. पोटली में लाखों के चांदी की पायल मिलने से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया. पुलिस चुनावी कनेक्शन का अनुमान लगाकर मामले की जांच कर रही. छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के आचार संहिता की घोषणा से पहले पुलिस विभिन्न क्षेत्रों में सर्च ऑपरेशन चला रही है. इसमें संदिग्धों के साथ-साथ वाहनों की जांच पड़ताल की जा रही है. आज दर्री थाना अंतर्गत गोपालपुर के पास पुलिस की टीम वाहनों की जांच कर रही थी. अचानक एक व्यक्ति आकर पुलिस को बताया कि सड़क किनारे बाइक सवार कुछ पोटली फेंक कर भाग गया है. इसके बाद पुलिस सतर्क हो गई और मौके पर पहुंची. जब पोटली खोलकर देखा तो चांदी के पायल भारी मात्रा में पोटली में बंधा हुआ था. अनुमान लगाया जा रहा है कि ये सामान चुनावी प्रपंच से भी जुड़ा हो सकता है. वास्तविकता क्या है, यह जानने के लिए लोग काफी बेचैन हैं. पुलिस मामले की जांच कर रही. दर्री थाना प्रभारी चमन लाल सिंह ने बताया शाम 5 बजे गोपालपुर मुख्य मार्ग पर वाहन चेकिंग चल रहा था. इस दौरान वाहनों की लंबी कतार लगी हुई थी. मुखबिर ने आकर बताया कि किसी बाइक सवार पोटली में कुछ सामान सड़क किनारे नाले में फेंककर गया है. जब पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और पोटली को देखा तो चांदी के पायल थे, जिसकी कीमत लगभग 4 लाख बताई जा रही है. पुलिस मामले की जांच कर रही है.



## छत्तीसगढ़ में नवरात्र पर सजने लगे देवी दरबार

**रायपुर।** शारदीय नवरात्रि 15 अक्टूबर से शुरू होने जा रही है। इसे देखते हुए छत्तीसगढ़ के देवी मंदिरों में तैयारियां शुरू हो गई हैं। रायपुर के महामाया मंदिर, काली मंदिर, दंतेश्वरी मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में साफ-सफाई, रंग-रोगन का काम चल रहा है। इसके अलावा ज्योति कलश की रसीद भी काटी जा रही है। डोंगरगढ़ के बमलेश्वरी मंदिर में 10 हजार तो रतनपुर के महामाया मंदिर में करीब 31 हजार ज्योत जलाई जाएगी। काली मंदिर में तेल के ज्योति कलश के लिए 900 रुपए लिए जा रहे हैं। घी के ज्योति कलश प्रज्ज्वलित करने के लिए भक्तों से 2100 रुपए लिए जा रहे हैं। नौ दिनों तक चलते वाले नवरात्रि उत्सव के दौरान काली मंदिर में लगभग 4000 ज्योति कलश जलाने की उम्मीद है।





रायपुर के प्रसिद्ध मां महामाया मंदिर में हजारों की संख्या में ज्योत प्रज्ज्वलित की जाएगी। हर साल बड़ी संख्या में भक्त इस मंदिर में पहुंचते हैं। कतार से लोग मंदिर के अंदर पहुंचकर मां महामाया के दर्शन कर पाएं।

**कांग्रेस बोली- कई बीजेपी नेता ही हैं तस्कर**

## शराब के कारण रायपुर में बढ़ीं आपराधिक घटना- लक्ष्मी वर्मा

**रायपुर ।** रविवार को रायपुर में बीजेपी प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा ने कांग्रेस सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि, नशे का कारोबार सरकार के संरक्षण में हो रहा है। इसी वजह से आपराधिक घटनाएं बढ़ रहीं हैं। आधी-आधी रात तक नशे की चीजें खुलेआम बिक रही हैं। इस पर कांग्रेस ने कहा कि, रमन सरकार में ही शराब का सरकारीकरण हुआ है, साथ ही हाल ही में कई बीजेपी नेता इसकी तस्करी करते पकड़ाए हैं।

छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी नशे के खिलाफ लगातार कांग्रेस सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रही है। इसी बीच प्रदेश अध्यक्ष ने तेलीबांधा में हुई मारपीट की खबर का जिक्र करते हुए कहा कि, देर रात को युवक-युवतियों में झड़प हो रही वह भी नशे की हालत में थे।





### गांव-गांव में अवैध शराब बिक रही

लक्ष्मी वर्मा ने कहा कि, हम देखते हैं शहर से लेकर गांव तक के इलाकों में नशे का अवैध कारोबार हो रहा है। सिमगा से भी एक खबर आई कि, ढाबे में अवैध तरीके से शराब बनाई जा रही थी इसे बोतल में लेबल लगाकर वहां की शराब दुकान में बेचा जा रहा था। क्या यह सरकार के संज्ञान में नहीं है। अवैध शराब को वैध शराब के साथ मिलाकर बेचा जा रहा है। प्रदर्शन करने पर पुलिस ने बच्चों पर बल प्रयोग किया लक्ष्मी वर्मा ने कहा कि आधी-आधी रात तक नशे की चीजें मिल रही हैं। CGPSC में गड़बड़ी का विरोध करने युवा सड़क पर उतरे तो उनपर बल प्रयोग किया गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विरोध प्रदर्शन के दौरान बच्चियों के बाल पकड़कर पुलिस ने उन्हें घसीटा है।

### कांग्रेस ने याद दिलाया रमन सरकार का कार्यकाल

प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि रमन सरकार ने 138 साल पुरानी आबकारी नीति को बदलकर शराब का सरकारीकरण किया। गांवों की राशन दुकानों में राशन नहीं पहुंचता था लेकिन सरकारी शराब दुकान में पेटियां भरी रहती थी।

# कमरतोड़ महंगाई और बेरोजगारी से पाकिस्तान की अवाम बेहाल, बने गृहयुद्ध जैसे हालात

जी20 के सफलतापूर्वक हुए आयोजन से भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि में इजाफा हुआ है, वहीं पड़ौसी मुल्क पाकिस्तान में हाहाकार मचा हुआ है। पाकिस्तान लगातार रसातल की तरफ जा रहा है। पाकिस्तान की हालत नारकीय हो गई है। पाकिस्तान में पेट्रोल 320 रुपए से ऊपर है। आटे का भाव 150 रुपए तक पहुंच गया है। बिजली के बिल ने आम अवाम की कमरतोड़ कर रख दी है।

डॉलर की कीमत 300 रुपए पाकिस्तान रुपए से ऊपर पहुंच गई है। पाकिस्तान में महंगाई 28 फीसदी से ज्यादा पहुंच चुकी है। लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। रोजमर्रा की जरुरतों को पूरा करने के लिए पाकिस्तान दूसरे देशों से भीख मांग रहा है। कंगाल पाकिस्तान की आवाम सड़क पर है। डॉलर की कालाबाजारी हो रही है। आम घरेलू उपभोक्ता को प्रति यूनिट 100 रुपए से भी ऊपर बिजली का बिल चुकाना पड़ रहा है। बिजली का बिल नहीं चुकाए जाने की स्थिति में लोग आत्महत्या कर रहे है।

बिजली बिल में यह बढ़ोतरी आईएमएफ की कर्जे के बदले कठोर शर्तों के कारण हुई है, जिसे पाक सरकार मानने को मजबूर है। दरअसल आईएमएफ ने कर्ज के साथ यह उसकी अदायगी के लिए यह शर्त रखी थी। जिसमें अब समूचा पाकिस्तान बुरी तरह तिलमिला रहा है। पाकिस्तान की एयरलाइंस के दिवालिया होने की वजह से इंटरनेशनल बेइज्जती हो रही है। कुछ दिन पहले सउदी अरब और यूएई में ईंधन के पैसे नहीं चुकाने की वजह से विमानों को रोक लिया गया था। इसके बाद एयरलाइंस अधिकारियों के लिखित आश्वासन के बाद ही विमानों को उड़ान भरने की उम्मीद मिली है। बेरोजगारी का आलम यह है कि फैक्ट्रियां, उत्पाद और व्यवसाय लगभग चौपट हो चुके हैं। विदेशी निवेश शून्य हो चुका है। महंगाई और बेरोजगारी के कारण पाकिस्तान अपराध की गिरफ्त में आता जा रहा है। बेरोजगारी का आलम यह है कि लाखों युवाओं ने देश छोड़ने के लिए आवेदन कर रखा है, किन्तु पाकिस्तान की सरकार उन्हें मंजूरी नहीं दे रही है। फाकाकशी के कारण भिखारियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ऐसी स्थिति में पाकिस्तान में गृहयुद्ध के हालात बन गए हैं। सेना ने पाक सत्ता में हस्तक्षेप शुरु कर दिया है। सेना ने डॉलर की कालाबाजारी रोकने के लिए कई स्थानों पर कार्रवाई करी। इससे डॉलर की रेट कुछ रुपए नीचे आ गई।



**विदेशी निवेश शून्य हो चुका है। महंगाई और बेरोजगारी के कारण पाकिस्तान अपराध की गिरफ्त में आता जा रहा है। बेरोजगारी का आलम यह है कि लाखों युवाओं ने देश छोड़ने के लिए आवेदन कर रखा है, किन्तु पाकिस्तान की सरकार उन्हें मंजूरी नहीं दे रही है।**

पाकिस्तान में आई गिरावट का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है उसके पासपोर्ट की साख नीचे से चौथे नम्बर पर पहुंच गई है। पाकिस्तान में सरेआम विद्रोह के स्वर गूंज रहे है। बलूचिस्तान के निवासी कारगिल का रास्ता खोले जाने की मांग कर रहे हैं ताकि भारत से व्यापारिक लेन-देन शुरु हो सके। इसके अलावा बुनियादी सुविधाओं की मांग को लेकर बलूचिस्तान के लाखों लोगों ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। पाक सेना को हालात को नियंत्रण करने के लिए भेजा गया है। कुछ ऐसी ही हालत पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर की है।

पाकिस्तान की भयावह होती स्थिति का सच पाक मीडिया भी नहीं दिखा रहा है। मीडिया पर पाक सरकार का अंकुश है। सोशल मीडिया पर दबे-छिपे तरीके से पाकिस्तान के हालात उजागर हो रहे हैं। मौजूदा हालत में पाक नागरिक यह कहने लगे हैं कि उन्होंने पाकिस्तान में शामिल होकर कौनसा अपराध कर दिया। पाक सरकार के खिलाफ लोगों को अब किसी तरह की कानूनी कार्रवाई का डर नहीं है। लोग खुलकर अपने आक्रोश का इजहार कर रहे हैं।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान की साख इतनी बदतर हो चुकी है कि संयुक्त अरब अमरात के प्रिंस ने जी20 में शिरकत के लिए पाकिस्तान में 6 घंटे रुकने की घोषणा की थी, किन्तु वे भी इससे पलट गए। इस्लामिक देशों के बूते भारत को धमकाने वाले पाकिस्तान से सभी देशों ने मुंह मोड़ लिया है। भिखारी जैसी हालत वाले पाकिस्तान से कोई भी देश अब रिश्ता रखने से कतराने लगा है। इतना ही नहीं पाकिस्तान के कई शहरों के लोगों के लिए वीजा पर बैन लगाया दिया है। यह नौबत तब आई है जब कई देशों में पाक के लोगों द्वारा लगातार अपराधिक गतिविधियों में शामिल होने का पता चला। इससे गो बैक पाकिस्तानी की मुहिम चली हुई है। ब्रिटेन में हुए एक सर्वे में 14 प्रतिशत पाकिस्तानी युवाओं को बेकारी और कामचोरी के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है।

ये युवा ब्रिटेन सरकार द्वारा बेरोजगारों के लिए दिए जाने वाले भत्ते पर गुजारा कर रहे हैं। इससे पहले भी सऊदी अरब और दूसरे मुल्क में भी पाकिस्तानियों की बेजा हरकतों के कारण गो पाकिस्तानी का ट्रेंड चल चुका है। पाकिस्तानी डॉक्टर के अमरीका में एक आतंकी योजना में शामिल होने के बाद ऐसा ही ट्रेंड वहां भी चला था। पूरे विश्व में पाकिस्तानियो की किरकिरी हो रही है। आईएमएफ (अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष) ने पाकिस्तान से कहा है कि गरीबों को राहत देने के लिए अमीरों पर टैक्स लगाएं।

योगेंद्र योगी

## संपादकीय

### समझ अलग-अलग है!

नफरती भाषण क्या है, इसको लेकर देश में एक समूह की जो समझ या परिभाषा है, आज की सत्ताधारी पार्टी की विचारधारा उससे सहमत नहीं है। बल्कि वैसे भाषण उसकी राजनीतिक रणनीति का धारदार हथियार बने हुए हैं। जैसे देश में सियासी ध्रुवीकरण बढ़ने के साथ हर बात पर समझ बंटती चली गई है, वही हाल हेट स्पीच- यानी नफरती भाषण का है। नफरती भाषण क्या है, इसको लेकर एक समूह की जो समझ या परिभाषा है, आज की सत्ताधारी पार्टी की विचारधारा उससे सहमत नहीं है। बल्कि वैसे भाषण उसकी राजनीतिक रणनीति का धारदार हथियार बने हुए हैं। नतीजतन, अक्सर जिसे नफरती भाषण कहा जाता है, सत्ता पक्ष उस पर ध्यान तक नहीं देता। ऐसे में एक गैर-सरकारी संस्था ने नफरती भाषण देने वाले नेताओं की जो सूची तैयार की है, उस पर कार्रवाई तो दूर कोई कोई सार्थक चर्चा भी होगी- इसकी संभावना नहीं है। चुनावी सुधारों पर काम करने वाली संस्था एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने सांसदों और विधायकों के चुनावी हलफनामों में दी गई जानकारी के आधार पर अपनी ताजा रिपोर्ट बनाई है। उसके मुताबिक 33 मौजूदा सांसदों के खिलाफ इस तरह के आरोप दर्ज हैं। इनमें से 22 यानी 66 प्रतिशत सांसद भारतीय जनता पार्टी के हैं। ऐसे दो सांसद कांग्रेस में हैं। एक-एक सांसद कई क्षेत्रीय पार्टियों में हैं। एक निर्दलीय सांसद का नाम भी इस सूची में शामिल है।

# धूप आने दोः हम अतीत की यात्रा में रहते हैं, टाइम मशीन की परिकल्पना में है विरोधाभास

क्या आपको मालूम है कि हम हर रात अतीत की यात्रा कर सकते हैं। प्रकाश की गति बहुत तेज है। लेकिन, ब्रह्मांड में चीजें हमसे इतनी दूर हैं कि दूर के तारों और ग्रहों से प्रकाश को हम तक पहुंचने में लंबा समय लगता है। सूर्य से जो प्रकाश आता हमें दिखाई देता है, वह वास्तव में आठ मिनट और बीस सेकंड पहले सूर्य को छोड़ चुका होता है।

मतलब यह है कि सूर्य को हम वैसे देखते हैं, जैसा वह आठ मिनट और बीस सेकंड पहले था। हमारी आकाशगंगा (गैलेक्सी) मिल्की वे से निकटतम कैनिस मेजर ड्वार्फ आकाशगंगा है, जो 25 हजार प्रकाश वर्ष दूर है। इसका मतलब यह है कि प्रकाश को वहां से हम तक पहुंचने में 25 हजार वर्ष लगेंगे। इसका मतलब हुआ कि आज जब हम टेलिस्कोप की मदद से कैनिस मेजर ड्वार्फ आकाशगंगा को देखते हैं, तो वह हमें वैसी दिखाई देती है, जैसी वह 25 हजार साल पहले थी। सवाल यह है कि अगर उस आकाश गंगा में कोई है, जो पृथ्वी को देख रहा हो, तो क्या उसे महाभारत या रामायण या उससे भी पहले की पृथ्वी दिख रही होगी?

समय के बारे में हमारी आधुनिक समझ भौतिक विज्ञानी अल्बर्ट आइंस्टीन के सामान्य सापेक्षता के सिद्धांत और कार्य-कारण संबंधों पर आधारित है। आइंस्टीन का सिद्धांत 100 से ज्यादा वर्षों से अस्तित्व में है और यह माना जाता है कि यह हमारे ब्रह्मांड की संरचना का सटीक विवरण देता है। दशकों से भौतिक विज्ञानी सापेक्षता के सिद्धांत के जरिये पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या वाकई समय की यात्रा संभव है। दिक्कत यह है कि सापेक्षता के सिद्धांत की मदद से आप ऐसे समीकरण लिख सकते हैं, जो समय की यात्रा का वर्णन करते हों, लेकिन इनका कोई अर्थ नहीं रह जाता अगर वास्तविक दुनिया में इनके जैसा कुछ न हो। सापेक्षता सिद्धांत के आधार पर समय यात्रा की बात सोचने में दो दिक्कते हैं। पहली, टाइम मशीन बनाने के लिए हमें नकारात्मक ऊर्जा की जरूरत होगी, जबकि अपने रोजमर्रा के जीवन में हमें जो भी ऊर्जा दिखती है, वह सकारात्मक ऊर्जा है।



**25 हजार प्रकाश वर्ष दूर पृथ्वी की निकटतम गैलेक्सी से प्रकाश को हम तक पहुंचने में 25 हजार वर्ष लगते हैं। यानी, टेलिस्कोप से आज हम 25 हजार वर्ष पुरानी गैलेक्सी देख रहे हैं । अगर वहां कोई मौजूद है, तो क्या उसे पृथ्वी पर महाभारत, रामायण या उससे भी पहले का समय दिख रहा होगा**

क्वांटम भौतिकी बताती है कि ऐसा नकारात्मक ऊर्जा वाला पदार्थ सैद्धांतिक तौर पर पैदा किया जा सकता है, वह भी थोड़े समय के लिए और थोड़ी मात्रा में। क्वाटंम सिद्धांत की यही सीमा है। समय-यात्रा के साथ दूसरी दिक्कत यह है कि इस विचार में विरोधाभास छिपे हैं। मान लीजिए कि किसी व्यक्ति की हत्या हो चुकी हो और आप अतीत में जाकर उस व्यक्ति की हत्या रोक दें। फिर, जब आप वर्तमान में लौटेंगे, तब वह व्यक्ति जिंदा होगा या नहीं। अगर वह जिंदा होगा, तब अतीत की यात्रा से पहले जिस वर्तमान के आप गवाह रहे थे, उसका क्या? एक दूसरा उदाहरण देखिए।

अगर मैं टाइम मशीन में प्रवेश करता हूं और इसके जरिये मैं समय में पांच मिनट पहले जाने के लिए कमांड देता हूं । जब मैं पांच मिनट अतीत में पहुंचता हूं, तो मशीन को नष्ट कर देता हूं। तो पांच मिनट बाद मैं इसका इस्तेमाल कैसे करूंगा?

जब हम समय के बारे में सोचते हैं, तब हम सोचते हैं कि यह एक सीधी रेखा में चल रहा है, जिसमें एक के बाद एक चीजें घटित होती हैं। अगर हम अतीत में जाकर जो पहले हुआ उसे बदल सकें, तो हम समय की पंक्ति का क्रम बदल देंगे।

## मिला जुला

### नेतन्याहू ने रविवार सुबह फिर चेताया

## 'हमास के हर ठिकाने को हम मलबे में बदल देंगे, गाजा खाली कर दें'



नई दिल्ली। इजरायल और फिलिस्तीन के बीच शनिवार को शुरू हुए युद्ध के बाद इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को हमास के आतंकवादियों को चेतावनी देते हुए कहा है कि उनके सभी ठिकानों को हम मलबे में तब्दील कर देंगे. बता दें कि शनिवार की सुबह को हमास के आतंकियों ने अलग-अलग तरीकों से इजरायल में घुसकर रिहायशी इलाकों में हमला कर दिया था. इस दौरान गाजा पट्टी की तरफ से इजरायल पर 20 मिनट के अंदर 5 हजार रॉकेट दागे गए थे. इसके बाद इजरायली सरकार ने हमास के खिलाफ युद्ध की घोषणा कर दी थी. इजरायली सेना के एक्शन को लेकर हमास आतंकवादियों को चेतावनी देते हुए प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने रविवार को कहा कि गाजा शहर में उनके छिपने के स्थानों को मलबे में बदल दिया जाएगा

# 300 मौत, 1700 के करीब घायल, कैसा है अभी गाजा पट्टी का हाल

**इजराइल** और फिलिस्तीन के बीच जंग जारी है. इस जंग में अब तक इजराइल की ओर से 300 मौत हो चुकी हैं और करीब 1590 लोग घायल हैं. वहीं गाजा की ओर से 232 लोगों की मौत और 1790 लोग घायल हुए हैं. सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक हमास ने करीब 164 इजराइली नागरिकों को बंधक बनाया है. हमास के कई लड़ाकों ने इजराइल की सीमा में घुसपैठ को अंजाम दिया. प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने युद्ध की घोषणा की और कहा कि दुश्मनों को इसकी भारी कीमत चुकानी होगी.

इजराइल की सेना के मुताबिक, हमास के चरमपंथियों ने गाजा पट्टी से लगभग 2 हजार से अधिक रॉकेट दागे. जवाब में गाजा पट्टी पर इजरायली हवाई हमलों में गाजा शहर के मध्य में स्थित एक टावर को मिट्टी में मिला दिया. इजराइल की सेना ने कहा कि




हमास ने हवाई और समुद्री सीमा से 7 जगहों से घुसपैठ की और उसके सैनिक हमास के लड़ाकों से लड़ाई लड़ रहे हैं. उधर हमास ने दावा किया है कि उसने 5 हजार रॉकेट दागे हैं.

### '22 जगहों पर चल रही लड़ाई'

इजराइल की सेना के प्रवक्ता रिचर्ड हेचट ने कहा, इजराइल की 22 जगहों पर लड़ाई चल रही है. सेना ने गाजा पट्टी के 7 इलाकों में लोगों से घर छोड़कर शेल्टर होम्स में शरण लेने के लिए कहा है.

### 'ईरान में मुहैया कराए हथियार'

समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक इजरायल डिफेंस एंड सिक्योरिटी फोरम के सलाहकार डैनियल सीमैन ने कहा, फ्सुबह करीब 6 बजकर 30 मिनट के आसपास हमास ने एक हजार से अधिक रॉकेट इजरायल की ओर दागे गए. उन्होंने इजरायल की सैन्य चौकियों पर हमला किया और उनके सैनिकों की हत्याएं कीं. साथ ही हमास आतंकियों ने कई लोगों को बंधक भी बनाया. उन्होंने ये भी दावा किया कि जो रॉकेट इजरायल पर दागे गए हैं वो ईरान से मिले थे.

### आप नेता का प्रताड़ना का आरोप

# संजय सिंह को लॉकअप से शिफ्ट नहीं करेंगे



**दिल्ली** के चर्चित कथित आबकारी नीति घोटाले में गिरफ्तार किये गये आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद को फिलहाल प्रवर्तन निदेशालय कही और शिफ्ट नहीं करेगी। दरअसल संजय सिंह की तरफ से आरोप लगाया गया था कि उन्हें प्रताड़ित करने के लिए बिना सीसीटीवी कैमरे वाले लॉकअप में रखा गया था। इसी के जवाब में अदालत में ईडी ने कहा है कि फिलहाल संजय सिंह को ईडी की लॉकअप से स्थानांतरित करने का कोई इरादा नहीं है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को एक स्थानीय अदालत को बताया कि अब रद्द हो चुकी दिल्ली की शराब नीति के क्रियान्वयन में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी (आप) नेता संजय सिंह को जांच एजेंसी की हवालात से स्थानांतरित करने का उसका कोई इरादा नहीं है। ईडी की ओर से अदालत में यह बात संजय सिंह के इस आरोप के जवाब में कही गई कि उन्हें प्रताड़ित करने के लिए बिना सीसीटीवी वाले पुलिस लॉकअप में स्थानांतरित करने के लिए झूठे आधार बनाए गए हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी ने विशेष न्यायाधीश विकास ढुल के समक्ष कहा कि उसने ईडी कार्यालय लॉकअप में कीट नियंत्रण कार्य के कारण सिंह को तुगलक रोड पुलिस थाने के लॉकअप में स्थानांतरित करने की योजना बनाई थी, लेकिन अब इसकी आवश्यकता नहीं है क्योंकि प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।

### दिल्ली की शोध में खुलासा

# देश में 10 करोड़ लोगों को स्लीप एपनिया, ऐसे मरीजों की बढ़ रही संख्या

**नई दिल्ली।** स्लीप एपनिया यानी सोते वक्त सांस लेने में दिक्कत होना। अंग्रेजी में इसे ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया (OSD) कहते हैं। दिल्ली एम्स ने इस बीमारी पर एक नई स्टडी की है। स्टडी करने वालों का दावा है कि भारत में स्लीप एपनिया पीड़ित लोगों की संख्या 10.4 करोड़ तक हो सकती है।

शोधकर्ताओं के अनुसार, 11% भारतीय वयस्क OSA से पीड़ित हैं, जिसमें पुरुषों (13%) को महिलाओं की तुलना में (5%) अधिक खतरा है। स्टडी करने वालों ने पिछले दो दशकों में किए गए 7 सात अध्ययनों का विश्लेषण किया जिसके बाद ये नतीजे सामने आए हैं। इस बीमारी पर शोध करने वाले एम्स में पल्मोनोलॉजी विभाग के प्रोफेसर और प्रमुख डॉ. अनंत मोहन ने कहा, इन परिणामों को भारत की विशाल कामकाजी उम्र की आबादी (15-64 वर्ष) पर लागू करने पर, हमने पाया कि लगभग 10.4 करोड़ भारतीयों में OSA है, और 4.7 करोड़ में मध्यम या गंभीर OSA है। इसे स्लीप मेडिसिन रिव्यू के नए वाले अंक में प्रकाशित किया गया है।




### स्टडी में इस बीमारी पर क्या बताया गया?

डॉ मोहन ने कहा कि इन निष्कर्षों से पता चलता हैकि यह रोग एक बोझ के समान है। स्लीप एपनिया का कामकाजी आबादी की आर्थिक उत्पादकता और लंबे स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा, जनता के बीच स्लीप डिसऑर्डर, जिसमें OSA शामिल है, के बारे में जागरूकता बढ़ाने की तत्काल आवश्यकता है। हृदय रोग और मधुमेह जैसे अन्य बीमारियों के समान, हमें अपनी आबादी में बड़े पैमाने पर OSA से निपटने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों और नीति निर्माण की भी आवश्यकता है। यह शोध एम्स दिल्ली के पल्मोनरी मेडिसिन विभाग की ओर से किया गया था।

### अफगानिस्तान के बाद अब अंडमान में तड़के 3.20 पर आया भूकंप

पश्चिमी अफगानिस्तान में शनिवार को 6.3 की तीव्रता का भूकंप आया जिससे जान माल की काफी हानि हुई है। इसके बाद रविवार के 3-20 पर अंडमान सागर में भूकंप के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप एजेंसी के मुताबिक रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.3 मापी गई है। शनिवार को पश्चिमी अफगानिस्तान में 6.3 तीव्रता के दो भूकंप में दर्जनों लोगों की मौत की खबर है वहीं कई लोग घायल बताए गए हैं।. अफगानिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्राधिकरण ने यह जानकारी दी। संयुक्त राष्ट्र ने 320 लोगों के मारे जाने का प्रारंभिक आंकड़ा दिया था, हालांकि बाद में उन्होंने कहा कि आंकड़े की अभी पुष्टि की जा रही है। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय के उसी अपडेट के अनुसार, स्थानीय अधिकारियों ने 100 लोगों के मारे जाने और 500 घायल का अनुमान लगाया है।

# देवरिया हत्याकांड के मामले में प्रेम चंद यादव के घर फिलहाल नहीं चलेगा

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश के देवरिया में जमीन को लेकर हुए हत्याकांड में प्रेम चंद यादव समेत पांच आरोपियों के मकान पर राजस्व टीम ने बेदखली का नोटिस चस्पा किया था. आरोप है कि इन लोगों ने सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण कर पक्का निर्माण कर कब्जा किया है. इस मामले की सुनवाई तहसीलदार कोर्ट संख्या 2 में हुई.

इसको लेकर तहसीलदार 9 अक्टूबर को मौके का मुआयना करेंगे. प्रेम चंद के अधिवक्ता ने बताया कि केवल एक नोटिस दिखाया गया है, जबकि दो नोटिस साइलेंट थे, जिसे न तो बताया गया और न ही रिसीव कराया गया. बताया गया कि



अराजी संख्या 2726 में रकबा 20 एयर में 6 एयर पर मकान और बाउंड्री वाल दिखाई गई है, जो नवीन परती की भूमि है. अराजी संख्या 2725 अराजी रकबा 45 एयर इसमें 20 एयर पर पक्का मकान और बाउंड्री वाल दिखाई गई है, यह भूमि खलिहान की है. अराजी संख्या 2742 रकबा 0.583 हेक्टेयर जमीन में 0.06 हेक्टेयर भूमि पर बाउंड्री वाल और छप्पर दिखाया गया है, जो वन विभाग की भूमि है. मात्र यही नोटिस चस्पा किया गया है.

# केन्द्रीय गोंड़ महासभा मुंगेली के निर्देशन में अठगवाँ चक भठलीकला का हुवा पुनर्गठन

**नवनियुक्त पदाधिकारियों का हुवा शपथ ग्रहण, निष्पक्ष व निश्वार्थ कार्य करने की ली शपथ**

*मुंगेली/ भठलीकला सामाजिक संगठन राज्य और देश के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसी कड़ी में केन्द्रीय गोंड महासभा मुंगेली अंतर्गत अठगवाँ चक भठलीकला में लंबे समय से कार्यकारिणी विस्तार की मांग उठ रही थी। जिसके कारण कई सामाजिक कार्य बाधित व अपूर्ण थे।*





इस कार्यक्रम के मुख्याथिति वीरेंद्र मरावी जिलाध्यक्ष केन्द्रीय गोंड महासभा मुंगेली, अध्यक्षता मनोहर मरकाम ब्लॉक अध्यक्ष के. गो. महासभा मुंगेली,विशिष्ट अतिथि सुरेश खुसरो जी जिलाध्यक्ष छ. ग. सर्व आ. सा. मुंगेली, सुरेश सोरी जिला उपाध्यक्ष शा. क. संघ मुंगेली, छत्रपाल सिंह ध्रुव ब्लॉक अध्यक्ष सेवा संघ मुंगेली, मनोज चेचाम जी ब्लॉक अध्यक्ष मुंगेली जी रहे। सबसे पहले प्रकृति शक्ति बूढ़ादेव, बड़ादेव, रानी दुर्गावती व वीर नारायण सिंह के छायाचित्र पर पिला चांवल व पुष्प अर्पित किया गया तहपश्चत भठलीकला के होनहार युवतियों के आदिवासी गाने पर थिरकना सबको ऊर्जा प्रदान किया।

बता दें कि भठलीकला अठगवाँ चक जिले के बड़े चकों में शालिम है जहां गोंड समाज का सामाजिक गठन बीते कुछ वर्षों से निष्क्रिय रहा था जिसकी पुनर्गठन की मांग समाज द्वारा लंबे समय से उठ रही थी। लेकिन अब समाज के लोगों की अरसे की मांग युवाओं के मजबूत टीम के साथ पूर्ण हुई। नए संगठन के पदाधिकारियों में युवा चक अध्यक्ष डोमन सिंह ध्रुव, उपाध्यक्ष मनोज ध्रुव, सचिव राजू ध्रुव, कोषाध्यक्ष फागूराम ध्रुव, प्रचार सचिव संतोष ध्रुव, मीडिया प्रभारी पवन मरकाम, संचालक लक्ष्मी प्रसाद ध्रुव, संगठन सचिव कृष्ण कुमार ध्रुव, चक सेवक रामकुमार ध्रुव, संरक्षक दिलीप ध्रुव गुरुजी, मुखीराम छेदैहा, गोपेश्वर मरकाम हैं जिन्होंने सामाजिक नियमावली के तहत निष्पक्ष समाज सेवा कर समाज के बुराइयों को दूर करने व सामाजिक समस्याओं का निराकरण सामाजिक नियमावली के तहत करने की शपथ ली। नवनियुक्त गोंड समाज के पदाधिकारियों ने कहा हमारा लक्ष्य सामाजिक विकास पर कार्य करना है और सामाजिक रीति नीति जिससे समाज दूर होते जा रहा को समाज से जोड़ना है। जिससे हमारा संस्कृति पोषक समाज बेहतर और मजबूत होकर ऊपर उठे। इन सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को जिलाध्यक्ष मरावी के द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

केन्द्रीय गोंड महासभा मुंगेली जिलाध्यक्ष वीरेंद्र मरावी ने अपने उद्बोधन में कहा हमें समाज के विकास के साथ हमारे नौनिहाल युवापीढ़ी के विकास के लिए आगे आकर कार्य करना होगा यही हमारे समाज और संगठन का सपना है। आगे कहा हमें अपनी सोच बदलकर समाज हित मे कार्य करना है व आगे गोंडवाना के अमूल्य बातों से ग्रामीण सगाजनो को विस्तृत जानकारी दी। पचोटिया से इस कार्यक्रम में उपस्थित बतौर अतिथि कृष्ण कुमार ध्रुव (व्याख्याता) ने अपने उद्बोधन में सामाजिक एकता व सहयोग पर कहा जब तक हम सब एक दूसरे का सहयोग नहीं करेंगे तब तक कोई भी समाज ऊपर उठेगा नहीं, हमें निस्वार्थ सेवा भाव से समाज हित में कार्य करना है। आगे कहा समाज के पढ़े लिखे युवक युवतियां जो बिना मार्गदर्शन के असफल हो रहे हैं उन्हें जोड़कर बेहतर मार्गदर्शन देकर आगे बढ़ाने की बात कही। सुरेश सोरी ने सामाजिक संगठन के साथ अनेक महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा हम सबका उद्देश्य सामाजिक विकास है, हमें अपने इस लक्ष्य से नहीं भटकना है। इस दौरान अठगवाँ चक भठलीकला के सैकड़ों पुरूष, महिलाओं सहित नौजवान युवक युवतियाँ शामिल रहे। इस कार्यक्रम का सफल संचालन सुरेश सोरी शिक्षक ने किया।

## एक नजर

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे चलाया जा रहा है 'विशेष अभियान 3.0'

लंबित फाइलों का तेजी से निपटारा के लिए 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक जारी रहेगा यह विशेष अभियान 3.0

स्वच्छता और लंबित मामलों को कम करने के लिए मुख्यालय सहित तीनों मंडलों के सभी विभागों के कार्यालयों में इस अभियान का क्रियान्वयन




**राजनांदगांव/बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सभी कार्यालयों में स्वच्छता और लंबित मामलों को कम करने के लिए 'विशेष अभियान 3.0' चलाया जा रहा है । अभियान की शुरुआत एक प्रारंभिक चरण से हुई ,जिसे अभियान अवधि के दौरान प्राप्त किए जाने वाले उद्देश्यों की पहचान करने के उद्देश्य से 15 सितंबर 2023 को शुरू किया गया था । मुख्य अभियान 2 अक्टूबर, 2023 से शुरू हुआ और 31 अक्टूबर, 2023 तक जारी रहेगा। इस दौरान प्रत्येक विभाग और कार्यालय चयनित श्रेणियों में लंबित मामलों की पहचान करेंगे और अभियान स्थलों को अंतिम रूप देंगे । यह पोर्टल 31 अक्टूबर, 2023 तक खुला रहेगा । अभियान का मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक शिकायतों का प्रभावी निपटान, संसद सदस्यों के संदर्भ, संसद के आश्वासन, स्वच्छता अभियान, स्क्रैप का निपटान फाइलों की छंटाई और अन्य स्वच्छता संबंधी गतिविधियों पर है । इस विशेष अभियान 3.0 को सफल बनाने के लिए जोनल मुख्यालय, प्रत्येक विभाग, मंडल, कार्यालयों में नोडल ऑफिसर नामित किये गए हैं । विशेष अभियान 3.0 के लिए मंडलों और विभागों में स्वच्छता के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों और दूरवर्ती स्थानों की पहचान की गई और समीक्षा के लिए फाइलें और ई-फाइलों की पहचान की गई है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में नियमित आधार पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है और विभिन्न विभागों एवं कार्यालयों में स्क्रैप की पहचान की जा रही है । विशेष अभियान से जुड़ी सभी आवश्यकताओं को समय से पहले ही पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है । इसे सुनिश्चित करने के लिए नियमित आधार पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा समीक्षा की जा रही है । इस अभियान में अभी तक फाइल रिकॉर्ड मैनेजमेंट के अंतर्गत 4700 से अधिक फाइलों की समीक्षा की गई, वीडिंग के लिए 3100 से अधिक फाइलों को चिन्हित किया गया, 470 से अधिक ई- फाइलों का निपटारा किया गया । स्वच्छता अभियान और कार्यालयों से स्क्रैपके निपटारा के तहत 466 साईट की सफाई की गई, इसके अतिरिक्त 418 कार्यालयों की सफाई की गई , इससे अभी तक 7300 किलोग्राम से अधिक के स्क्रैप का निपटारा किया गया जिससे कि 870 वर्ग मीटर की जगह खाली हुई । रेलवे स्टेशन तथा अन्य 196 स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया।

# जनप्रतिनिधि को जागरूक व जिम्मेदार होना चाहिए- नीशु चन्द्राकर

**धमतरी ।** ग्राम पंचायत कसही में 16 लाख 58 हजार के निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन मुख्यअतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीशु चन्द्राकर द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत हंकारा के सरपंच मुकेश कुमार ध्रुव ने की। विशिष्ट अतिथि घनश्याम साहू अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस ग्रामीण, श्रीमती वर्षा साहू सदस्य जनपद पंचायत,डॉ.ओमप्रकाश सेन डाही जोन कांग्रेस, रामनरेश ध्रुव, बेदराम मिथलेश, डा. भूषणलाल चंद्राकर, बुधियार सिंह कश्यप, श्रवन कुमार कोसरिया हीरासिंह साहू, देवी लाल भट्ट, चैनसिंग ध्रुवंशी , आशीष बंगानी उपाध्याछ जिला युवा कांग्रेस,भागी निषाद शहर अध्यक्ष मछुआरा कांग्रेस , चंद्रहास साहू युवा नेता, ललित यादव युवा नेता, पवन साहू युवा नेता धमतरी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

15 वें वित्त जिला पंचायत निधि से 2 लाख की लागत से ग्राम कसही में छन्नू चंद्राकर घर से भगवान सिंग खेत् की ओर नाली निर्माण, शिव प्रसाद घर से शरीफ खान घर की ओर 5 लाख की लागत से नाली निर्माण , 2 लाख 50 हजार की लागत से कलामंच निर्माण का लोकार्पण तथा 4.28 लाख की लागत से ठोस अपशिस्ट प्रबंधन हेतु शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन शनिवार को जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीशु चन्द्राकर द्वारा किया गया। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए श्री चन्द्राकर ने कहा कि किसान, मजदूर, व्यापारी, कर्मचारी कैसे आगे बढ़े, गांव के लोगों को काम कैसे मिले यह सोच अगर किसी में है तो वे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री किसान पुत्र भूपेश बघेल में है।

# अपोलो अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टरों पर एफआईआर दर्ज




**बिलासपुर।** इलाज में लापरवाही के मामले में अपोलो अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टरों के खिलाफ थाना सरकण्डा में अपराध दर्ज किया गया है। ये मामला 2016 का है और मृतक के परिजनों ने अपोलो अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाया था। मेडिकल बोर्ड की जांच के बाद अपोलो अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टरों लापरवाही की बात सामने आई। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। दरअसल, 26 दिसंबर 2016 को अपोलो अस्पताल बिलासपुर से पुलिस को एक मेमो प्राप्त हुआ, जिसमें गोल्डी उर्फ गुरवीन छाबडा आ. परमजीत सिंह छाबडा, उम्र 29 साल साकिन आदर्श कॉलोनी दयालबंद थाना कोतवाली जिला के द्वारा सल्फास पाईजनिंग का सेवन कर आत्महत्या कर ली है।

थाना कोतवाली में मर्ग क्रमांक 45 / 2016 धारा 174 जाफौ कायम कर जांच किया गया। जांच के दौरान मृतक के परिजनों ने अपोलो अस्पताल प्रबंधन एवं संबंधित डॉक्टरों द्वारा ईलाज में लापरवाही का आरोप लगाया और स्वास्थ्य विभाग से जांच की मांग की। जांच में मृतक का पोस्ट मॉर्टम सिम्स अस्पताल बिलासपुर से कराया गया था, तथा जब्तशुदा प्रदर्शों का परीक्षण राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला रायपुर से कराया गया था।

# विद्यार्थियों को जागरुक करने राष्ट्रीय उद्यान में 'आमचो रान आमचो जीवना ' कार्यक्रम की शुरूवात

जगदलपुर। बस्तर की प्राकृतिक सुंदरता, वन्यजीव और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण हेतु स्कूली विद्यार्थियों को जागरूक करने हेतु कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान द्वारा आमचो रान आमचो जीवना कार्यक्रम को शुरूवात करने 06 अक्टूबर को कार्यशाला का आयोजन किया गया।



स्कूली विद्यार्थियों के लिए अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय, बैंगलोर के सहयोग से गतिविधि आधारित पाठ्यक्रम तैयार किया गया है जिसे प्रत्येक शनिवार को विद्यार्थियो को गतिविधि आधारित शिक्षा प्रदान की जावेगी। प्रथम चरण में छठवीं से आठवीं के विद्यार्थियों के लिए यह मॉड्यूल तैयार किया गया है।

इस कार्यक्रम में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से डॉ. सुरेश कुमार साहू, और अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय, बैंगलोर से श्रीमती सीमा मुंडोली,मिस अश्वथी विषय विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। यह कार्यशाला राष्ट्रीय उद्यान के सभी मैदानी अधिकारी कर्मचारी, मैना मित्र और युवोदय वन मितान के लिए आयोजित की गई थी जिससे वे गतिविधि आधारित आमचो रान आमचो जीवना कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालन कर सके।

कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान निदेशक श्री धम्मशील गणवीर ने बताया की बस्तर में शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन के सहयोग से इस अभिनव कार्यक्रम की शुरुआत की गई है जिससे हम स्कूली विद्यार्थियों को प्रकृतिट्ठ संस्कृति और वन्यजीव संरक्षण की दिशा में जोड़ सकते हैं।



## गांधी जयंती पर स्वास्थ्य कर्मचारियों का श्रमदान

**नगरी ।** आयुष्मान भव कार्यक्रम के तहत तथा 2 अक्टूबर को पूज्य महात्मा गांधी जयंती के उपलक्ष्य में गांधी के स्वप्न के अनुकूल स्वच्छता ही सेवा को ध्येय बनाते हुए डॉ डी आर ठाकुर बी एम ओ नगरी के निर्देशन मे सिविल अस्पताल नगरी के प्रांगण की स्टाफऔर नगर के स्वयं सेवियों के द्वारा साफ-सफाई करने हेतु श्रमदान किया गया द्य श्रमदान करने वाले स्टाफ में डॉ अरुण कुमार नेताम स्त्री रोग विशेषज्ञ , हितेन्द्र कुमार साहू बी पी एम , धर्मेंद्र सिन्हा फार्मासिस्ट , एस परमानन्द पटेल , दीपेश सेमरे, प्रकाश चनाप, तुलसी यादव )और स्थानीय जनसेवक श्री खेमेन्द्र साहू स्वास्तिक पैथोलॉजी लेब नगरी , तथा धनवंतरी मेडिकल स्टोर से विजय पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे द्य श्रमदान करने वाले इन स्टाफ व स्वय सेवियों को सिविल अस्पताल नगरी की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## सरेआम शराब पीते 8 पकड़ाए


**रायपुर ।** राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा पुलिस ने लाभांडी के पास सरेआम शराब पीते आरोपी प्रमोद नायक 22 वर्ष, दीपक कर्मकार 45 वर्ष व जीवन लाल साहू 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह सेजबहार पुलिस ने आरोपी कुमार विश्वकर्मा 50 वर्ष व भूपेंद्र सिन्हा 28 वर्ष, चैन सिंह ध्रुव 23 वर्ष व गंगाधर साहू 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है।



*जगदलपुर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के. द्वारा रविवार को कलेक्टोरेट के एनआईसी कक्ष में विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत जिले के विधानसभा क्षेत्रों हेतु मतदान दलों के प्रथम रेण्डमाइजेशन की प्रक्रिया पूरी की गई। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री प्रकाश सर्वे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हितेश बघेल सहित निर्वाचन दायित्व से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।*

# आकांक्षी विकासखंड तोकापाल में शिक्षा एक संकल्प कार्यक्रम सम्पन्न

बच्चों ने लिया उत्साहपूर्वक हिस्सा



**जगदलपुर।** जिले के आकांक्षी विकासखंड तोकापाल के अंतर्गत विगत दिवस समस्त संकुलों में शिक्षा एक संकल्प कार्यक्रम के तहत डिजिटल साक्षरता पर निबंध प्रतियोगिता ,पढ़ेगी बेटी-बढ़ेगी बेटी पर वाद विवाद प्रतियोगिता, विज्ञान प्रदर्शनी, कहानी वाचन तथा पाककला प्रदर्शन का आयोजन किया गया। विकासखंड के समस्त प्राथमिक,माध्यमिक, हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेकर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया । वहीं कार्यक्रम के अंत में शिक्षा समिति के सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार का वितरण किया गया। यह आयोजन ब्लॉक के 31 संकुल में 181 प्राथमिक शाला, 64 मिडिल स्कूल और 16 हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में किया गया, जिसमें 13718 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। उक्त कार्यक्रम में विद्यार्थियों के पालकगण एवं जनप्रतिनिधियों की सहभागिता बच्चों के लिए उत्साहवर्धक रही और जिले से आए हुए अधिकारियों का भी विकासखंड के विभिन्न संकुल में जाकर शिक्षा संकल्प मेला में शामिल होना बच्चों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए उत्साहवर्धक रहा।

# राष्ट्रीय उद्यान में गुलेल एवं चित्रकला प्रतियोगिता के साथ वन्य जीव सप्ताह का समापन

**जगदलपुर।** वन्य जीव संरक्षण सप्ताह के अंर्तगत में 07 अक्टूबर को हाई स्कूल मावलीपदर में गुलेल प्रतियोगिता और चित्रकला प्रतियोगिता के साथ वन्य जीव संरक्षण सप्ताह का समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे हाई स्कूल मावलीपदर के छात्र छात्राओं के साथ आस पास के स्कूलों के बच्चों ने बड़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

गुलेल प्रतियोगिता में कुल 70 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमे बालक वर्ग में बलदेव नाग प्रथम,गुलशन नाग द्वितीय एवं लखमू नाग तृतीय ने स्थान प्राप्त किया वही बालिका वर्ग में कु. दिव्या नाग ने प्रथम, कु. कला नाग ने द्वितीय तथा कु.सरस्वती कश्यप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया चित्रकला प्रतियोगिता में ऑनलाइन और ऑफ लाइन दोनो माध्यम से रखा गया था जिसका निर्णय कल घोषित किया जावेगा।



### गुलेल को शिकार से छोड़कर खेल से जोड़ने का प्रयास

निदेशक कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान धम्मशिल गणविर ने बताया कि गुलेल प्रतियोगिता के माध्यम से ग्रामीण युवाओं को गुलेल से पक्षियों तथा वन्य जीवों को न मारकर खेल की दिशा में ले जाने का प्रयास किया जा रहा है और इसके अच्छे परिणाम नज़र आ रहे हैं। इससे ग्रामीण युवाओं के इस कौशल को नई पहचान मिलेगी और वन्यजीव संरक्षण में मदद मिलेगी।

### मावलीपदर हाई स्कूल में समापन कार्यक्रम

समापन कार्यक्रम में सप्ताह भर चले विविध प्रतियोगिता के पारितोषिक वितरण भी किया गया ।

कार्यक्रम में हाई स्कूल मावलीपदर के प्राचार्य श्रीमती पार्वती बघेल एवं स्कूल के समस्त शिक्षक गण, युवोदय वन मितान एवं कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे । कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के सहायक वन संरक्षक श्री सोरी ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया!



# बेखौफ बदमाश हथियार और मारपीट के वीडियो डाल



**रायपुर।** शहर में शांति व्यवस्था स्थापित करने के लिए पुलिस के आला अधिकारी सहित जवान लगातार कार्रवाई कर रहे हैं, फिर भी बदमाश पुलिस से बैखौफ होकर सोशल मीडिया में अवैध हथियारों के साथ अश्लील वीडियो शेयर कर रहे हैं.

कई थानों के निगरानी बदमाश लल्लू पठान को पुरानी बस्ती पुलिस ने महाराजबंद तालाब के पास अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया. हाल ही में लल्लू पठान एक महिला के साथ सोशल मीडिया में धारदार हथियार के साथ डांस करते नजर आ रहा था. बार के पास मारपीट करने वाले भी पकड़े गए

टाटीबंध स्थित मरीना बार के सामने युवक की पिटाई कर वीडियो वायरल करने वाले करणवीर सिंह, अनुज कुमार व हर्ष राठी जिन्होंने एक युवक का पिटाई कर वीडियो बनाया था, जिसका पिछले शुक्रवार को वीडियो वायरल हुआ था. आमानाका पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर टाटीबंध क्षेत्र में जुलूस निकालकर कोर्ट में पेश किया. डीजे वाले बाबू ने गाना जोर से बजाया, तो पुलिस ने थाने बुलाया सुप्रीम कोर्ट के आदेश पालन नहीं करने व ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले डीजे-धुमाल संचालकों पर लगातार पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है. नियमों का उल्लंघन करने वाले 12 संचालकों पर कार्रवाई की गई है. एएसपी सिटी लखन पटले ने बताया कि विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों के दौरान ध्वनि प्रदूषण फैलाने की शिकायतें मिल रही हैं. इस पर अब तक कुल 59 डीजे-धुमाल संचालकों पर कार्रवाई की जा चुकी है.

थाना गुढ़ियारी, सरस्वती नगर, कोतवाली एवं टिकरापारा क्षेत्र में विसर्जन के दौरान डीजे- धुमाल संचालकों द्वारा समय सीमा के उल्लंघन के साथ तेज आवाज में डीजे-धुमाल बजा रहे 12 संचालकों के विरूद्ध कोलाहल अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है. उनके कब्जे से कुल 12 नग चारपहिया वाहन, 96 नग बॉक्स, 43 नग पोंगा, जनरेटर सहित अन्य वाद्ययंत्र उपकरण जब्त कर कार्रवाई की गई.

# अग्रवाल युवा मंडली ने किया अग्रथॉन का आयोजन, बड़ी संख्या लोग हुए

रायपुर। अग्रसेन जयंती के अवसर पर रविवार को अग्रथॉन दौड़ और साइकिलिंग का आयोजन किया गया. अग्रसेन जयंती महोत्सव पर अग्रवाल युवा मंडल की ओर से ये आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 7 बजे से हुई. जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया.




अग्रथॉन में मुख्य अतिथि के रूप में आईजी रतन लाल डांगी शमिल हुए. वहीं अग्रवाल सभा के अध्यक्ष विजय अग्रवाल,

युवा मंडल अध्यक्ष राम अग्रवाल के साथ युवा मंडल के प्रभारी सुभाष अग्रवाल, अरुण अग्रवाल, रामसागरपारा मोहल्ला संयोजक आयुष अग्रवाल के साथ तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे। बता दें कि हर साल की तरह इस वर्ष भी अग्रवाल सभा रायपुर अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में 21 दिवसीय अग्रसेन जयंती महोत्सव (दिनांक 24 सितम्बर 2023 से 15 अक्टूबर 2023 तक) आयोजित किया जा रहा है. अग्रवाल सभा रायपुर शहर को 19 मोहल्ला समितियों में विभाजित कर प्रथम चरण में इन मोहल्ला समितियों के स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम एवं स्पर्धा आयोजित कर रहा है. द्वितीय चरण में इन सभी मोहल्ला समितियों में प्रथम स्थान अर्जित करने वाले अग्रबन्धु सेंट्रल लेवल पर 10 अक्टूबर से 15 अक्टूबर 2023 को अग्रसेन धाम छोकरा नाला रायपुर में होने वाले कार्यक्रमों एवं स्पर्धाओं में भाग लेंगे.

# उत्तर पुस्तिका में पहचान चिन्ह दर्शित करने के कारण अभ्यर्थी अनर्ह घोषित- पीएससी ने स्पष्ट की स्थिति




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा चयन प्रक्रिया के दौरान होने वाले साक्षात्कार में पात्र अभ्यर्थी को न बुलाए जाने के संबंध में सोशल मीडिया में एक समाचार प्रसारित हुआ है, जिसमें उल्लेख है कि अन्य पिछड़ा वर्ग के एक अभ्यर्थी द्वारा पीएससी के सचिव और परीक्षा नियंत्रक को पत्र लिखकर यह शिकायत की गई है कि सीजीपीएससी-2022 की भर्ती के दौरान ओबीसी श्रेणी में लिखित परीक्षा में 710 से 715 नम्बर पाने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया है। अभ्यर्थी श्री शिवम देवांगन का आरोप है कि उन्हें लिखित परीक्षा में 771.5 अंक प्राप्त हुए थे। इसके बावजूद भी साक्षात्कार के लिए नहीं बुलाया गया। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा इस संबंध में स्पष्ट किया गया है कि प्रसारित समाचार भ्रामक तथा तथ्यहीन है। वस्तुस्थिति यह है कि राज्य सेवा परीक्षा 2022 में अभ्यर्थी श्री शिवम देवांगन द्वारा प्रथम प्रश्न पत्र के प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में पृष्ठ क्रमांक 20 पर प्रश्न क्रमांक 17 (ख) में श्री राधेश्याम तथा राजेश मोहन उल्लेख कर पहचान चिन्ह दर्शित करने के कारण आयोग द्वारा उन्हें अनर्ह घोषित करते हुए परीक्षा परिणाम प्रक्रिया से पृथक किया गया है। इस कारणवश राज्य सेवा (मुख्य) परीक्षा 2022 के साक्षात्कार की सूची में अभ्यर्थी को शामिल नहीं किया गया। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा जारी विज्ञापन की कंडिका 11 का (पग) एवं प्रश्न सह उत्तरपुस्तिका में उल्लेखित निर्देश की कंडिका-04 के अनुसार- प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में निर्धारित स्थान के अतिरिक्त कहीं पर भी अपना नाम, अनुक्रमांक, कोई धार्मिक चिन्ह, कोई पहचान चिन्ह या उत्तर के अतिरिक्त अन्य कोई अक्षर, शब्द, वाक्य या कोई धार्मिक शब्द या वाक्य नहीं लिखा जाना चाहिए।

# आधा दर्जन दोपहिया वाहन चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

## दुर्ग जिले से चुराए थे छह बाइक

**रायपुर।** आधा दर्जन दोपहिया वाहन चोरी करने के दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दुर्ग जिले के अलग-अलग स्थानों से कुल छह दोपहिया वाहन चुराए थे। आरोपित लक्ष्मण बारले जो पूर्व में भी थाना खमतराई से 10 नग दोपहिया वाहन चोरी के प्रकरण में जेल जा चुका है। वहीं नुतेन साहू भी पूर्व में जेल निरुद्ध रह चुका है। चोरी के वाहनों के संबंध में दुर्ग पुलिस को जानकारी दे दी गई है।




रायपुर में दोपहिया वाहन चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए एंटी क्राइम एवं साइबर यूनिट की एक विशेष टीम का गठन किया गया है। वाहन चोरी के अज्ञात आरोपितों की पतासाजी कर पकड़ने के लिए भी लगाया गया है, जिस पर विशेष टीम और आमानाका पुलिस टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना आमानाका क्षेत्रांतर्गत सतनामी पारा टाटीबंध पास दो व्यक्ति दोपहिया वाहन बिक्री करने की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहे है। मुखबिर द्वारा बताए हुलिए के व्यक्तियों एवं वाहन को चिह्नांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम लक्ष्मण बारले उर्फ दादू एवं नूतेन साहू उर्फ नितिन साहू निवासी रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा दोनों से वाहन के कागजात के संबंध में पूछताछ करने पर उनके द्वारा गोल-मोल जवाब देकर लगातार टीम को गुमराह करने का प्रयास करते हुए वाहन के संबंध में किसी प्रकार का कोई भी कागजात या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। ह्यजिस पर टीम के सदस्यों द्वारा दोनों से कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा वाहन को चोरी का होना बताया गया। टीम के सदस्यों द्वारा चोरी की अन्य वाहनों के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर दोनो के द्वारा दुर्ग के अलग-अलग स्थानों से कुल छह नग दोपहिया वाहन चोरी कर रायपुर में छिपाकर रखना बताया गया है।

## अपराध

### रायपुर में छह साल की बच्ची से दुष्कर्म की कोशिश, घरवालों से रोते हुए बोली मासूम- भैया ने किया गंदा काम

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है। खबरों के अनुसार यहां छह साल की मासूम के साथ दुष्कर्म की कोशिश की गई। मासूम ने रोते हुए स्वजन को जानकारी दी। इसके बाद स्वजनों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने नाबालिग आरोपित को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ पाक्सो के तहत मामला दर्ज किया है। दरअसल, यह मामला उरला थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार उरला थाना क्षेत्र में एक किरायेदार के नाबालिग बेटे ने मकान मालिक की बेटी से दरिंदगी की कोशिश की। कुछ समय बाद मासूम रोते हुए घर लौटी। बच्ची के रोने पर स्वजन ने पूछताछ की तो मासूम ने किराएदार के नाबालिग बेटे पर गंदा काम करने की बात बताई। इसके बाद स्वजनों ने इसकी सूचना उरला थाना की पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने नाबालिग को हिरासत में ले लिया है। वहीं नाबालिग के खिलाफ पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।



### युवक से मारपीट, बलवा का मामला दर्ज

**रायपुर** ।जोरा पुल के ऊपर सात युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सैलेष कुमार ईसरानी 30 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह बीती रात अपनी कार से जा रहा था। तभी जोरा पुल के ऊपर आरोपी राहुल वैष्णव, आकाश सेन, गौतम व अन्य 4 लोगों ने प्रार्थी को रोककर ठीक से वाहन नहीं चलाते हो कहते हुए गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी के शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 341, 294, 506, 323, 147 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### रकम दुगना करने का झांसा देकर 20 लाख से अधिक की ठगी

**रायपुर** ।क्रिप्टो करेंसी नेटवर्क मार्केटिंग में पैसा लगाने पर 6 माह में दुगना रकम देने का झांसा देकर 20 लाख से अधिक की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया कुमारी ललीता सोना 34 वर्ष शांतिनगर सिविल लाइन की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि होटल ट्रीटोन तेलीबांधा में आरोपी तेजकुमार पुरी, समीर मिश्रा व सत्यवति दुबे ने प्रार्थिया को क्रिप्टो करेंसी नेटवर्क मार्केटिंग प्रोजेक्टर में पैसा लगाने पर 6 माह में रकम दुगुना करने का झांसा देकर 20 लाख 25 हजार रुपए ले लिए और फरार हो गए।

चौथी छत्तीसगढ़ राज्य महिला फुटबॉल लीग चैंपियनशिप

# रायपुर, भिलाई और दल्लीराजहरा में होगा आयोजन, खिलाड़ियों को बांटे गए

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ के तत्वावधान में रायपुर, भिलाई एवं दल्लीराजहरा में 8 अक्टूबर से 30 नवम्बर 2023 तक चौथी राज्य महिला फुटबॉल लीग चैम्पियनशिप का आयोजन किया जा रहा है. इस लीग में चयनित 60 बालिका खिलाड़ियों को आज खेल एवं युवा कल्याण विभाग की संचालक श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा ने सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम रायपुर में खेल किट वितरित किए.

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश फुटबॉल संघ के उपाध्यक्ष सह रायपुर जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष मुश्ताक अली प्रधान खिलाड़ियों के साथ उपस्थित थे. इस राज्य लीग चैम्पियनशिप में क्वालिफाई करने वाली टीम भारतीय महिला लीग चैम्पियनशिप में भाग लेंगी.

राज्य विमेन फुटबॉल लीग चैम्पियनशिप में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के बालिका फुटबॉल अकादमी रायपुर की 50 बालिका खिलाड़ियों का भी



चयन हुआ है. सिन्हा ने सभी बालिका खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन करते हुए लीग चैम्पियनशिप में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं भी दी. इस अवसर पर खेल विभाग की वरिष्ठ फुटबॉल प्रशिक्षक सरिता कुजूर टोप्पो, सहायक प्रशिक्षक कुमारी सरिता यादव, टीएन रेड्डी भी उपस्थित थे।

# आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में 1270 बच्चों का कराया गया स्वर्णप्राशन

## स्वास्थ्य परीक्षण के साथ नि:शुल्क औषधि वितरित की गई

**रायपुर।** बच्चों के व्याधिक्षमत्व, पाचन शक्ति, स्मरण शक्ति, शारीरिक शक्ति वर्धन एवं रोगों से बचाव के लिए शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय रायपुर में 1270 बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया।

आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय के कौमारभृत्य विभाग द्वारा हर पुष्य नक्षत्र तिथि में शून्य से 16 वर्ष के बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया जाता है। जनसामान्य को इसके प्रति जागरूक करने आज पाम्पलेट वितरण, आईक्यू मूल्यांकन और बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ नि:शुल्क औषधि का वितरण भी किया गया।




शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय परिसर में प्राचार्य प्रो. डॉ. जी.आर. चतुर्वेदी, चिकित्सालय अधीक्षक प्रो. डॉ. प्रवीण कुमार जोशी और कौमारभृत्य विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. नीरज अग्रवाल के निर्देशन में स्वर्णप्राशन कराया गया। स्वर्णप्राशन समन्वयक डॉ. लवकेश चन्द्रवंशी ने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए यह काफी लाभदायक है। महाविद्यालय के स्नातकोत्तर एवं स्नातक छात्र-छात्राएं हर महीने इसमें महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय द्वारा इस वर्ष की अन्य पुष्य नक्षत्र तिथियों 9 जनवरी को 831, 4 फरवरी को 1124, 3 मार्च को 1137, 29 मार्च को 1290, 27 अप्रैल को 860, 24 मई को 835, 20 जून को 1012, 18 जुलाई को 1145, 14 अगस्त को 1188 और 10 सितम्बर को 1140 बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया था।

*विभिन्न ग्राम पंचायतों में विधायक अनिता योगेन्द्र शर्मा ने किया 4 करोड़ 70 लाख के विकास कार्यों की*

# विभिन्न ग्राम पंचायतों में विधायक अनिता योगेन्द्र शर्मा ने किया 4 करोड़ 70 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन

**रायपुर** । धरसीवा विधायक अनिता योगेंद्र शर्मा के द्वारा आज अपने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सकरी मे प्राथमिक विद्यालय का शुभारंभ किया साथ ही ग्राम साकरा में बाजार चबूतरा सीसी रोड शेड निर्माण 30 लाख सी सी रोड निर्माण निमोरा रोड 77.66 लाख रुपए, महामाया मंदिर परिसर में सी सी रोड 10 लाख, तालाब पचरी निर्माण 20 लाख रुपए,रंग मंच निर्माण 1.5 लाख रुपए सहित कुल 1 करोड़ 47 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया साथ ही ग्राम बरौदा मे सी सी रोड और नाली निर्माण 10 लाख रुपए,मजदूर शेड निर्माण 3 लाख, पानी टंकी निर्माण 2 करोड़ 50 लाख रुपये, हाई मास्क लाइट 4 लाख रुपये सहित कुल 2 करोड़ 67 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया और ग्राम टेकारी मे शीतला मंदिर परिसर अहाता निर्माण 5 लाख रुपए, ध्रुव समाज भवन 3 लाख रुपए, धोबी समाज अहाता निर्माण 5 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया साथ ही ग्राम पंचायत बेंद्री में सी सी रोड 45 लाख रुपए परिसर में पेपर ब्लॉक 5 लख रुपए सहित कुल 50 लाख रुपए का भूमि पूजन किया साथ ही ग्राम पंचायत जजगीरा में साहू समाज भवन निर्माण हेतु 6.50 लाख रुपए भूमिपूजन किया , नगर पंचायत खरोरा में यादव समाज भवन का लोकार्पण किया इस अवसर में कुल 4 करोड़ 70 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया इस अवसर में विधायक अनिता योगेंद्र शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार के द्वारा लगातार शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किए हैं इसी कड़ी में आज प्राथमिक शाला सकरी लम्बे समय से माग थी जिसको आज पूरा किया निश्चित ही यहा के विद्यार्थियों को लाभ होगा जो अन्य जगहों पर जाकर शिक्षा ग्रहण करने के लिए जाते थे या शिक्षा से वंचित रह जाते थे वह अब शिक्षा ग्रहण कर पाएंगे साथ ही विभिन्न ग्राम पंचायतो में मूलभूत सुविधाओं को पूरा करते हुए विभिन्न सीसी रोड सहित अन्य कार्यों के होने से यहां के रह वासियों को इसका लाभ होगा सभी ग्राम पंचायत का विकास होगा।








# हठ-विद्या परं गोप्या योगिना सिद्धिम् इच्छता भवेद् वीर्यवती गुप्ता निर्वीर्या तु प्रकाशिता - डॉ. उमाशंकर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ योग शिक्षक संघ के तत्वावधान में आयोजित योगारम्भ 3.0 कार्यक्रम का आज 12वां सत्र प्रात: 6-45 से 8-45 पर पूर्ण हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. उमाशंकर कौशिक, सहायक प्राध्यापक, योगशास्त्र के जे सैमैया विद्याविहार यूनिवर्सिटी, मुंबई, विशेष सदस्य, छ.ग. योग संघ का प्रदेश अध्यक्ष अनिल चंद्राकर जी ने हार्दिक आभार प्रकट किया। रामेश्वर प्रसाद डौन्डे जी ने शंखनाद व मन्त्रोंच्चार विधि से कार्यक्रम का आध्यात्मिक शुभारम्भ किया। संघ सांस्कृतिक प्रभारी, सुश्री मोनिका सिन्हा जी ने वक्ता का जीवन परिचय प्रस्तुत करते हुए कहा कि सर ने 2017 में ही जेआरएफ उत्तीर्ण किए। देव संस्कृति विश्वविद्यालय से योग में एमएससी और सांची यूनिवर्सिटी से पी-एच.डी. पूर्ण की। सिद्धासन आपका प्रिय आसन है। प्रदेश महासचिव श्री खोमेश साहू जी ने मुख्य वक्ता का पुष्पगुच्छरूपी शब्दों से स्वागत करते हुए कहा कि उमाशंकर सर छत्तीसगढ़ की ध्वजा पताका भारत देश में लहरा रहे हैं।



सर सीनियर जेआरएफ हैं और हम सभी के प्रेरणास्त्रोत हैं। हठयोग ज्ञान के बिना योग की पढ़ाई पूर्ण करना कस्तूरी मृग के समान सतही हैं। योगारम्भ के मुख्य वक्ता कौशिक जी ने कहा कि नाथ परम्परा में अनेक सिद्ध योगी हुए जिनमें मत्स्येंद्रनाथ, गोरखनाथ, जलिन्द्रनाथ, कनीफनाथ, गहिनीनाथ, भर्तृहरि, रावलनाथ, चर्पटीनाथ, नागनाथ कुल 09 सिद्ध हुए। स्वात्माराम, घेरण्ड ऋषि प्रसिद्ध नाथ योगी रहें। मुस्लिम आक्रमणों और अन्य धर्मावलम्बियों के कारण धूमिल होते जा रहे योग को पुन: स्थापित करने का कार्य हठयोग ने किया। हठयोग प्रदीपिका जिसका मूल नाम हठप्रदीपिका हैं।

## मौनी रॉय की सुल्तान ऑफ दिल्ली का ट्रेलर जारी, अपराध और सत्ता की दिखी झलक



मौनी रॉय पिछले काफी समय से फिल्मों से दूर हैं, लेकिन उनको कई म्यूजिक वीडियो में देखा गया है। मौजूदा वक्त में मौनी अपनी वेब सीरीज सुल्तान ऑफ दिल्ली को लेकर खबरों का हिस्सा बनी हुई हैं।यह सीरीज इसलिए भी खास है क्योंकि इसके जरिए मौनी ओटीटी की दुनिया में कदम रखने के लिए तैयार हैं। अब निर्माताओं ने सुल्तान ऑफ दिल्ली का ट्रेलर जारी कर दिया, जो अपराध और सत्ता की कहानी पर अधारित है।

सुल्तान ऑफ दिल्ली का प्रीमियर 13 अक्टूबर को डिज्नी+ हॉटस्टार पर होगा। ओटीटी प्लेटफॉर्म ने एक्स हैंडल पर सुल्तान ऑफ दिल्ली का ट्रेलर साझा करते हुए लिखा, हर चीज की एक कीमत होती है- फिर वो जिंदा रहने की हो, या सुल्तान बनने की।



## माधुरी दीक्षित के साथ मजा मा में काम करना एक सपना सच होने जैसा था : बरखा सिंह

2022 की ड्रामा फिल्म मजा मा की सफलता को एक साल पूरे हो गए हैं। इसमें एक्ट्रेस बरखा सिंह और माधुरी दीक्षित लीड रोल में थीं। एक्सपीरियंस को याद करते हुए, बरखा ने कहा कि यह वेंचर उनके लिए एक सपने के सच होने जैसा था क्योंकि उन्हें अनुभवी एक्ट्रेस के साथ सहयोग करने का मौका मिला।

अपने एक्सपीरियंस के बारे में बताते हुए बरखा ने कहा, मजा मा मेरी लाइफ के सबसे बेहतरीन शूटिंग एक्सपीरियंस में से एक है। माधुरी दीक्षित जैसी दिग्गज एक्ट्रेस के साथ काम करना और उनके साथ स्क्रीन शेयर करना, उनके साथ डांस करना एक सपने के सच होने जैसा है। एक्ट्रेस ने कहा, मैं शीबा चड्ढा, गजराज राव और रजित कपूर जैसे शानदार अभिनेताओं के साथ काम करने के इस अवसर के लिए आभारी हूं। इससे भी अच्छी बात यह है कि पहली बार मुझे लिप सिंकिंग और डांसर्स से भरपूर अपना खुद का एक संपूर्ण बॉलीवुड गाना मिला! ईशा हंसराज का किरदार निभाने वाली भाग्यलक्ष्मी एक्ट्रेस ने दर्शकों और आलोचकों से अपने परफॉर्मेंस के लिए काफी प्रशंसा अर्जित की थी। एक्ट्रेस ने कहा, मुझे ईशा का किरदार निभाने में बहुत मजा आया। इसे निभाना चुनौतीपूर्ण था क्योंकि उच्चारण के साथ बारीकियों में महारत हासिल करनी थी। मैं ईशा के लिए एक साल बाद भी उमड़ते प्यार को महसूस कर रही हूं, जो पलक झपकते ही बीत गया। बरखा मजा मा के अलावा साइलेंस... कैन यू हियर इट?, हाउस अरेस्ट, प्लीज फाइंड अटैच्ड जैसी फिल्मों में अपने काम से भी नाम कमाने में सफल रहीं।

## शहनाज गिल ने रिवीलिंग बॉडीकॉन ड्रेस में कराया बोल्ड फोटोशूट

### हॉटनेस देख यूजर्स के उड़े होश

एक्ट्रेस शहनाज गिल इन दिनों भूमि पेडनेकर के साथ आई फिल्म थैंक यू फॉर कमिंग को लेकर काफी लाइमलाइट बटौर रही हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है।

हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट लुक्स से फैंस को दीवाना बना दिया है। इन फोटोज में उनका स्टाइलिश अवतार देखकर लोगों के दिलों की धड़कनें बढ़ गई हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस शहनाज गिल हमेशा अपने बोल्ड और ग्लैमरस लुक शेयर कर फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो उनका हर एक लुक सोशल मीडिया का पारा गर्म कर देता है। हाल ही में एक्ट्रेस शहनाज गिल ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं शहनाज गिल ने साइड कट बॉडीकॉन आउटफिट पहना हुआ है। ओपन हेयर और मिनिमल मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। फोटोज में आप देख सकते हैं शहनाज गिल फ्लोर पर बैठकर एक से बढ़कर एक सेक्सी अंदाज में पोज देती हुई दिखाई दे रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस शहनाज गिल ने सलमान खान स्टारर फिल्म किसी का भाई किसी की जान से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था। शहनाज गिल सोशल मीडिया क्वीन हैं। अभिनेत्री आए दिन अपनी पोस्ट के जरिए लोगों के बीच छाई हुई रहती हैं।



## अक्षय कुमार-स्टारर ओएमजी 2 8 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर होगी स्ट्रीम




अक्षय कुमार और पंकज त्रिपाठी की फिल्म ओएमजी 2 को क्रिटिक्स की तरफ से काफी सहराना मिली थी. सेक्स एजुकेशन पर आधारित इस फिल्म को दर्शकों ने भी काफी पसंद किया. 11 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई यह फिल्म अब ओटीटी पर भी दस्तर देने के लिए तैयार है. तो आइए जानते हैं कब और कहां आप घर बैठे-बैठे इस फिल्म का लुत्फ उठा सकते हैं. सोशल मैसेज पर आधारिक ओएमजी 2 को आप नेटफ्लिक्स पर देख पाएंगे. अक्षय कुमार की ये फिल्म 8 अक्टूबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी. नेटफ्लिक्स ने इसे लेकर ऑफिशियल अनाउंसमेंट कर दी है. बता दें कि ओएमजी 2 के साथ गदर 2 भी 11 अगस्त को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुई थी. वैसे तो कमाई के मामले में गदर 2 ने बाजी मार ली, लेकिन दर्शकों ने अक्षय की ओएमजी 2 को भी खूब प्यार दिया था. फिल्म का कॉनसेप्ट लोगों को खूब पसंद आया. वहीं बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो फिल्म ने अपनी लागात के अनुसार ठीक-ठाक कमाई कर ली थी. अक्षय कुमार की इस फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 150.17 करोड़ की लाइफटाइम कमाई की. वहीं अक्षय के वर्कफ्रंट की बात करें को ओएमजी 2 के बाद अब वह अपना आगामी फिल्म मिशन रानीगंद को लेकर चर्चा में बने हुए हैं. फिल्म इसी साल 13 नवंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार हैं. ये फिल्म रियल लाइफ हीरो जसवंत सिंह गिल की लाइफ पर बेस्ड है और फिल्म में अक्षय कुमार ने जसवंत गिल का किरदार निभाया है।

## सैंधव के नए पोस्टर में इंटेंस लुक में नजर आ रहे वेंकटेश दग्गुबाती





एक्टर वेंकटेश दग्गुबाती अपकमिंग क्राइम-ड्रामा-एक्शन फिल्म सैंधव के लेटेस्ट पोस्टर में बेहद इंटेंस लुक के साथ धमाल मचा रहे हैं। पोस्टर में 62 वर्षीय श्रीनिवास कल्याणम एक्टर खतरनाक लुक में नजर आ रहे हैं। वेंकटेश ने ब्लैक शर्ट और ब्लू जींस पहनी है और हाथ में एक बंदूक पकड़ी है। एक्टर के बैकग्राउंड में रस्सियां और लकड़ी के लट्ठों की तरह दिखने वाली कई चीजें हैं।

पोस्टर हाई क्वालिटी वाला है जो एक बहुत बड़े प्रोडक्शन का संकेत देता है। इंस्टाग्राम और एक्स पर नए पोस्टर को लॉन्च किया गया और कैप्शन देते हुए फिल्म की रिलीज की तारीख की घोषणा की गई, सैंधव 13 जनवरी को रिलीज होगी।

माना जा रहा है कि यह फिल्म नियो-नोयर टोन वाली है और इसका निर्देशन शैलेश कोलानू द्वारा किया जाएगा, जबकि निर्माता वेंकट बोयानापल्ली होंगे।

## यशराज फिल्म्स ने दिखाई फिल्म टाइगर 3 से सलमान की नई झलक, बंदूक ताने दिखे अभिनेता



सलमान खान पिछले लंबे वक्त से अपनी आगामी फिल्म टाइगर 3 को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं।निर्माताओं ने पिछले महीने यशराज फिल्म्स के स्थापना दिवस के मौके पर टाइगर का संदेश जारी कर दिया था तो वहीं टाइगर 3 का ट्रेलर 16 अक्टूबर को रिलीज होगा। अब इससे पहले निर्माताओं ने टाइगर 3 का नया पोस्टर जारी कर दिया है, जिसमें सलमान का एक्शन अवतार देखने को मिल रहा है।इस फिल्म का निर्देशन मनीष ने किया है।

टाइगर 3 वाईआरएफ (यथराज फिल्म्स) स्पाई यूनिवर्स की पांचवीं फिल्म है। एक था टाइगर और टाइगर जिंदा है के बाद टाइगर 3 सलमान की तीसरी स्पाई थ्रिलर फिल्म होगी। यह फिल्म दिवाली के खास मौके पर हिंदी सहित तमिल और तेलुगु भाषा में रिलीज होगी।

टाइगर 3 का टीजर 27 सितंबर को रिलीज किया गया है. जिसमें सलमान का दमदार लुक दिखाया गया है. वह टीजर में कहते हैं कि मेरा नाम अविनाश सिंह राठौड़ है. पर आप सबके लिए मैं टाइगर हूं. 20 साल अपना सबकुछ इंडिया की हिफाजत में लगा दिया. बदले में कुछ नहीं मांगा पर आज मांग रहा हूं...आज आप सबको ये बताया जा रहा है कि टाइगर आपका दुश्मन है. टाइगर गद्दार है. टाइगर दुश्मन नंबर वन है तो 20 साल की इंडिया की सर्विस के बाद मैं अपना कैरेक्टर सर्टिफिकेट मांग रहा हूं.मेरे बेटे को मैं नहीं इंडिया बोलेगा कि उसका बाप क्या था. गद्दार या देशभक्त...जिंदा रहा तो आपकी खिदमत में फिर हाजिर नहीं तो जयहिंद.

## खेल



## बांग्लादेश ने अफगानिस्तान को 6 विकेट से हराया

### मिराज का दोहरा प्रदर्शन, 57 रन की पारी और तीन विकेट लिए; शांतो की भी फिफ्टी

*__धर्मशाला।__ बांग्लादेश ने वनडे वर्ल्ड कप 2023 के तीसरे मैच में अफगानिस्तान को 6 विकेट से हरा दिया। धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश ि केट एसोसिएशन स्टेडियम में खेले गए मैच में बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। पहले बैटिंग करते हुए अफगानिस्तान की टीम 37.2 ओवर में 156 रन पर ऑलआउट हो गई और बांग्लादेश को 157 रन का टारगेट दिया। जवाब में बांग्लादेश की टीम ने 34.4 ओवर में 4 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। अफगानिस्तान टीम की शुरुआत अच्छी थी। टीम ने 20 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 96 रन बना लिए थे। 112 रन के स्कोर पर भी टीम ने 2 ही विकेट गंवाए थे, लेकिन यहां से बांग्लादेश के स्पिनर्स ने खेल का रूख बदल दिया।*

अफगानी खिलाड़ी मेहदी हसन मिराज और शाकिब अल हसन की फिरकी को समझने में पूरी तरह नाकामयाब रहे। दोनों ने 3-3 विकेट लिए और अफगानिस्तान ने 21 से 38 ओवर के बीच अपने आखिरी 8 विकेट गंवा दिए।

### ओपनर्स फ्लॉप, शांतो-मिराज ने जीत दिलाई

157 रन का टारगेट चेज करने उतरी बांग्लादेश टीम की शुरुआत भी खराब रही। दोनों ओपनर्स सस्ते में आउट हो गए। तंजिद हसन तमीम 5 और लिट्टन दास 13 रन ही बना सके। यहां से नजमुल हुसैन शांतो और मेहदी हसन मिराज ने 97 रन की पार्टनरशिप कर टीम को जीत के करीब पहुंचाया। शांतो 59 रन बनाकर नॉटआउट रहे और टीम को 4 विकेट से जीत दिलाई।



### शांतो और मिराज ने खेली अर्धशतकीय पारी

बांग्लादेश की और से नजमुल हुसैन शांतो ओर मेहदी हसन मिराज ने अर्धशतकीय पारी खेली। अफगानिस्तान के लिए अजमतुल्लाह ओमरजई, नवीन-उल-हक और फजलहक फारूकी ने एक-एक विकेट लिया। जबकि एक बैटर रन आउट भी हुआ।

### पावरप्ले में बांग्लादेश

पावरप्ले में बांग्लादेश की मिली-जुली शुरुआत रही। टीम ने पहले 10 ओवर में 44 रन बनाए लेकिन दोनों ओपनर के विकेट गंवा दिए। तंजिद हसन तमीम 5 और लिट्टन दास 13 रन बनाकर आउट हुए। नंबर 3 पर बल्लेबाजी करने उतरे मेहदी हसन मिराज ने अपने ODI करियर की तीसरी फिफ्टी जमाई। मिराज ने 73 गेंदों में 5 चौकों की मदद से 57 रन की पारी खेली। उन्हें नवीन-उल-हक ने आउट किया।

### शांतो-मिराज की अर्धशतकीय साझेदारी

पावरप्ले में दोनों ओपनर गंवाने के बाद बांग्लादेश के नजमुल हुसैन शांतो और मेहदी हसन मिराज ने टीम को संभाला। दोनों ने मिलकर तीसरे विकेट के लिए 97 रन की साझेदारी की। इस साझेदारी को नवीन-उल-हक ने तोड़ा।

### शांतो का छठा अर्धशतक

*चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे नजमुल हुसैन शांतो ने अपने वनडे करियर का छठा अर्धशतक लगाया। शांतो ने 83 गेंद पर 59 रनों की पारी में 3 चौके और एक छक्का लगाया।*

## एक नजर

### इंडिया-ऑस्ट्रेलिया राइवलरी

## कभी ब्रैडमेन को देखने जाती थी इंडिया, सौरव की टीम ने बदली सोच; क्रिकेट एक्सपर्ट अयाज मेमन से सुनिए किस्से




इंडिया और ऑस्ट्रेलिया। वर्ल्ड कप में खेल रही दो ऐसी टीमें, जिनका सामना जब-जब हुआ, तब-तब कमाल का क्रिकेट देखने को मिला। आज वर्ल्ड कप 2023 का ऐसा ही एक मुकाबल चेन्नई में है। सीनियर जर्नलिस्ट अयाज मेमन ने भास्कर को बताए दोनों टीमों से जुड़े दिलचस्प किस्से। साथ ही जानते हैं वर्ल्ड कप के उन खास मुकाबलों के बारे में, जब इंडिया और ऑस्ट्रेलिया आमने-सामने आए। ब्रैडमैन को देखने जाती थी इंडिया, सौरव की टीम ने सोच बदली

अयाज मेमन बताते हैं कि भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच राइवलरी पिछले 20-22 सालों के दौरान काफी चर्चा में रही। लेकिन शुरुआत से ऐसा नहीं था। भारतीय टीम 1947-48 में एक सीरीज खेलने ऑस्ट्रेलिया गई थी। भारतीय टीम के कप्तान थे लाला अमरनाथ और ऑस्ट्रेलिया के डॉन ब्रैडमेन। भारतीय टीम के खिलाड़ियों की इस सीरीज के दौरान सोच कुछ अलग थी। वो सोचते थे कि ब्रैडमेन को देखने और उनके साथ खेलने मिलेगा।

## भारत ने एशियाड में मेंस क्रिकेट का गोल्ड जीता

### फाइनल मुकाबला बारिश के कारण नो रिजल्ट, भारत टॉप रैंकिंग के कारण चैंपियन बना

**होंगझोऊ।** भारत ने एशियाड में मेंस क्रिकेट टूर्नामेंट का गोल्ड मेडल जीत लिया है। भारत-अफगानिस्तान फाइनल मुकाबला बारिश के कारण नो रिजल्ट रहा। लिहाजा टीम इंडिया को टॉप रैंकिंग के कारण चैंपियन घोषित किया गया। शनिवार को झीजांग यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के पिंगफेंग मैदान पर भारत ने टॉस जीत कर पहले फील्डिंग करने का फैसला लिया। अफगानिस्तान टीम ने 18 ओवर में 5 विकेट पर 112 रन बनाए थे कि बारिश आ गई और मैच रोकना पड़ा। इस गोल्ड की मदद से ओवरऑल मेडल टैली में भारत के 27 गोल्ड हो गए हैं। टीम के अब तक तक 102 मेडल हैं।



## साउथ अफ्रीका ने तोड़े 4 वर्ल्ड कप रिकॉर्ड्स

### सबसे बड़ा स्कोर बनाया, पहली बार एक इनिंग में 3 शतक; मार्करम की फास्टेस्ट सेंचुरी

**नई दिल्ली।** साउथ अफ्रीका ने वनडे वर्ल्ड कप में श्रीलंका पर सबसे बड़ी जीत दर्ज की है। अफ्रीकी टीम ने शनिवार के दूसरे मुकाबले में श्रीलंका को 102 रन से हराया। बांग्लादेश ने पहले मुकाबले में अफगानिस्तान को 6 विकेट से हराया था। नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में रविवार को मुकाबले में 4 वर्ल्ड कप रिकॉर्ड बने। इनमें सबसे बड़ा स्कोर, सबसे तेज शतक, एक मैच में सबसे ज्यादा रन और एक इनिंग में तीन सेंचुरी के रिकॉर्ड शामिल हैं। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरे साउथ अफ्रीकी बल्लेबाजों ने 50 ओवर में 5 विकेट पर 428 रन बनाए। ये वर्ल्ड कप इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर है। अफ्रीकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया के 417 रन के रिकॉर्ड को तोड़ा, जो टीम ने 2015 में अफगानिस्तान के खिलाफ बनाया था। साउथ अफ्रीका ने वर्ल्ड कप में रिकॉर्ड तीसरी बार 400 से ज्यादा रन का स्कोर खड़ा किया। इससे पहले टीम आयरलैंड और वेस्टइंडीज के खिलाफ भी ऐसा कर चुकी है। वर्ल्ड कप में अब तक 5 ही बार 400 से ज्यादा रन का स्कोर बना है। साउथ अफ्रीका के अलावा भारत और ऑस्ट्रेलिया ने ऐसा एक-एक बार किया है।



### 2. वर्ल्ड कप में सबसे तेज सेंचुरी

*साउथ अफ्रीका के उप कप्तान ऐडन मार्करम ने वनडे वर्ल्ड कप की सबसे तेज सेंचुरी जमाई। उन्होंने महज 49 बॉल में शतक पूरा कर लिया। मार्करम ने दिलशान मदुशंका की बॉल पर फाइन लेग की दिशा में छक्का लगाकर अपना शतक पूरा किया। मार्करम ने आयरिश बैटर केविन ओ ब्रायन के सबसे तेज सेंचुरी के रिकॉर्ड को तोड़ा। ओ ब्रायन ने 2011 में इंग्लैंड के खिलाफ 50 गेंद पर सेंचुरी लगाई थी। इस मुकाबले में आयरलैंड को 3 विकेट से रोमांचक जीत भी मिली थी।*

## भारत 37 साल बाद एशियाड के टॉप-5 में रहा

### *पहली बार मेडल की सेंचुरी; 22 खेलों में पोडियम फिनिश, शूटिंग-एथलेटिक्स-आर्चरी से आए 64 गोल्ड*

एशियन गेम्स में भारत ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए पहली बार मेडल की सेंचुरी लगाई। देश ने 72 साल के एशियाड इतिहास में अपना बेस्ट प्रदर्शन किया और कुल 107 मेडल जीते। इनमें 28 गोल्ड, 38 सिल्वर और 41 ब्रॉन्ज शामिल रहे। भारत ने 37 साल बाद मेडल टैली के टॉप-5 पोजिशन में भी फिनिश किया और चीन, जापान, साउथ कोरिया के बाद चौथे स्थान पर रहा। चीन के हांगझोऊ शहर में 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक हुए एशियाड-2022 में मेजबान चीन टॉप रहा। उन्होंने 201 गोल्ड, 111 सिल्वर और 71 ब्रॉन्ज मेडल जीते। इस स्टोरी में हम भारत के एशियन गेम्स प्रदर्शन को एनालाइज करेंगे। जानेंगे कि किन खेलों में भारत ने बेस्ट प्रदर्शन किया और चीन की मौजूदा टैली से ज्यादा मेडल जीतने लिए भारत को अब कितना समय लग सकता है।




### 100 मेडल का टारगेट था, 107 जीत लिए

एशियन गेम्स शुरू होने से पहले इंडियन ओलिपिंक एसोसिएशन ने 100 मेडल जीतने का टारगेट रखा था। IOA अध्यक्ष पीटी उषा ने प्लेयर्स को इंस्पायर करने के लिए %इस बार सौ पार% का नारा दिया था। एशियाड खेलने गए भारत के 653 प्लेयर्स ने 100 मेडल जीतने के सपने को साकार किया और पूरे 107 मेडल देश को दिलाए। 72 साल के एशियन गेम्स इतिहास में भारत का यह बेस्ट प्रदर्शन भी रहा।

# कांग्रेस विधायक चक्रधर सिंह सिदार के आलावा किसी अन्य को टिकट दिया जाये- ईसाई आदिवासी महासभा

जोहार छत्तीसगढ़ – लैलूंगा।

छत्तीसगढ़ विधान सभा चुनाव विधान सभा क्षेत्र क्र. 15 जिला रायगढ़ ( छ.ग.) में निवासरत सभी मसीह समाज चर्च के समस्त ईसाई मिशनरिज रोमन काथलिक तथा जी. ई. एल. चर्च के द्वारा संचालित ईसाई आदिवासी महासभा के द्वारा एक ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है । जहाँ ईसाई आदिवासी महासभा के फादर्स, सिस्टर्स, पास्टर्स, प्रचारक एवं ईसाई धर्मप्रेमी तथा ईसाई धर्म अनुयायियों ने लैलूंगा विधान सभा के वर्तमान विधायक चक्रधर सिंह सिदार से बहुत ज्यादा नाराज हैं । नाराजगी का मुख्य कारण यह है कि विधायक चक्रधर सिंह सिदार ने पूरे पाँच साल के कार्यकाल में ईसाई धर्मावलम्बियों के साथ पिछले विधान सभा चुनाव में किए गये समस्त वादों को पूरा नही कर पाये । वर्तमान विधायक चक्रधर सिह सिदार को निष्क्रिय बताया गया है, वे कभी भी जनसंपर्क नही करते हैं । ईसाई आदिवासी समाज के हितैषी नही हैं, विगत पांच सालों में समीह समाज बाहुल्य क्षेत्र में जनसंपर्क नही किया । ईसाई समाज के कोई भी सरपंच – सचिव तथा जन प्रतिनिधियों से संपर्क नही करता है, और किसी का फोन नही उठाता है । आदिवासियों से संबन्धित छोटे – छोटे कामों में ध्यान नही दिया जाता है । जबकि समीह समाज के लोगों कि जनसंख्या पूरे विधान सभा में लगभग 45,0000 की आबादी है । लैलूंगा विधान सभा क्षेत्र के सभी चर्च में प्रत्येक रविवार को गिरजा, मिस्सा, पुजापाठ करते हैं । जहाँ समाजिक बुराईयों का निराकरण एवं विचार विमर्श किया जाता है । वहीं समाज के लोगों के द्वारा बुलाने पर विधायक के द्वारा ध्यान नही दिया



जाता है । जबकि मसीह समाज जन्मजात कांग्रेस पार्टी के समर्थक हैं । और हमेशा कांग्रेस पार्टी को ही व्होट करते हैं । बाताया जा रहा है कि दिनांक 28 सितम्बर 2023 को ग्राम बीरसिंघा में बैठक आयोजित किया गया था । समाज के सभी प्रबुद्धजनों ने अपने – अपने विचार रखे और ध्वनि मत से सभी ने एक स्वर में वर्तमान विधायक को बदलकर किसी अन्य जीतने योग्य व्यक्ति को कांग्रेस प्रत्याशी पार्टी का प्रत्याशी बनाये जाने पर जोर दिया गया जो कि सर्व सम्मति से निर्णय लेते हुए प्रस्ताव पारित किया गया । वहीं लोगों का कहना है कि ईसाई समुदाय के साथ वर्तमान विधायक ने बहुत बड़ा धोखा किया है । जिसके कारण ईसाई आदिवासी महासभा के जिला अध्यक्ष सहित सभी लोगों में बहुत ज्यादा नाराजगी तथा आक्रोश व्याप्त है । ईसाई आदिवासी महासभा ने कई बार विधायक से बैठक करना चाहा पर कभी भी उन्होंने समय नही दिया, ना ही बैठना करना उचित समझा । जबकि ईसाई समुदाय का व्होट कांग्रेस पार्टी का पारंपरागत व्होट बैंक है । और ऐसे में ईसाई महासभा के ईसाई आदिवासियों कि नराजगी कहीं न कहीं वर्तमान के कांग्रेसी विधायक चक्रधर सिंह सिदार के लिए नुकसान दायक है । वहीं आपको हम यह भी बता दें कि लैलूंगा विधान सभा सीट में ईसाई आदिवासी महासभा के द्वारा विधायक के चेहरे को बदलने के संबन्ध में कांग्रेस पार्टी के हाई कमान तथा मुख्यमंत्री भुपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज एवं उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल तथा उप मुख्यमंत्री मंत्री टी. ए. सिंह देव सहित छत्तीसगढ़ प्रदेश के चुनाव प्रभारी सुश्री कुमारी सैलजा से तथा सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से सीधे लैलूंगा विधान सभा के निष्क्रिय विधायक चक्रधर सिंह सिदार के टिकिट को काट कर किसी अन्य जिताऊ प्रत्याशी को टिकिट देने हेतु ईसाई आदिवासी महासभा ने अपनी मांग रखी है । अब यह देखना होगा कि कांग्रेस पार्टी अब टिकिट देने को लेकर क्या विचार करती है । और किस नये चेहरे पर विश्वास करके टिकिट दिया जाता है । यह तो भविष्य के गर्भ में है । हालांकि टिकिट मांगने वालों में कई नाम आये हैं पर जिताऊ उम्मीदवारों में से बस पूर्व विधायक हृदय राम राठिया, श्रीमति विद्यावती सिदार, सुरेन्द्र सिदार के आलावा और कोई मैदान में नही है । वर्तमान विधायक का यदि टिकिट कटती है तो यही तीन नामों से किसी एक नाम पर पार्टी टिकिट देने पर विचार कर सकती है । जिसमें से मात्र एक चेहरा है जो कि लैलूंगा में कांग्रेस की नैय्या पार कराने सक्षम है उसका नाम हृदय राम राठिया है जो कि पूर्व में एक बार कांग्रेस पार्टी से विधायक रह चुके हैं । जिनका क्षेत्र में बहुत अधिक पकड़ है, और बहुत मजबूत पकड़ है । और जबरदस्त जनाधार वाले दबंग आदिवासी नेता के रूप में उनकी पहचान है । अब यह देखना होगा कि पार्टी आला कमान क्या निर्णय लेती है । और किसे टिकिट देकर चुनाव मैदान में उतारा जाता है, इसे तो वक्त ही तय करेगा ।

## एक नजर

### नाबालिग ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**कोरबा** । कोरबा कोतवाली थाना क्षेत्र के मोती सागर पारा में रहने वाले एक 17 वर्षीय किशोर ने फांसी लागकर खुदकुशी कर ली। मृतक का नाम जय धीवर है, जिसने किन कारणों से आत्महत्या की इस बात का पता अभी कारण नहीं चल सका है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरु कर दी है।

जानकारी के मुताबिक जय धीवर एक साल पहले ही कक्षा 11वीं की पढ़ाई छोड़ दी थी। अपने घर पर ही किराना दुकान का संचालन करता था। रात के वक्त वह खाना खाकर दुकान में सोने गया। सुबह जब परिजनों ने उसे उठाने की कोशिश की, तो दुकान से किसी तरह की कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। परिजनों ने जब दुकान का गेट खोला तो जय का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। परिजनों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से नीचे उतारा। आत्महत्या की वजह अज्ञात है। मृतक का पिता सुरेश धीवर ने बताया कि उसके दो बेटे हैं और एक बेटी है। जय सबसे बड़ा बेटा था। खुद वह ड्राइवरी का काम कर अपनी पत्नी और बच्चों का भरण पोषण करते आ रहे हैं। बेटे के लिए राशन दुकान खोल दिए थे। उसने किन परिस्थितियों में फांसी लगाकर जान दी, यह समझ से परे है। कोतवाली थाना प्रभारी रूपक शर्मा ने बताया कि खुदकुशी की सूचना मिली थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव का पंचनामा कार्रवाई कर परिजनों का बयान दर्ज किया गया है। मृतक के पास से एक मोबाइल पुलिस ने बरामद किया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। जल्द मामले का खुलासा होगा।

### ऊर्जाधानी होने के बावजूद बिजली की समस्या से जूझ रहै है लोग: लखनलाल देवांगन

**कोरबा** । पूर्व महापौर और भाजपा प्रत्याशी लखनलाल देवांगन कोरबा के पुरानी बस्ती में गली गली पदयात्रा कर आम जनमानस से हाथ जोड़कर जन आशीर्वाद मांगा। वार्ड वासियों ने बिजली की समस्या से उन्हें अवगत कराया। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी लखन देवांगन ने कहा कि कोरबा ऊर्जाधानी होने के बावजूद शहर से लेकर गांव तक बिजली की समस्या से जूझ रहे है।

कोरबा में कांग्रेस की निष्क्रियता और उदासीनता की वजह से लोगों को बिजली की समस्या होती है। प्रदेश की निकम्मी कांग्रेस सरकार ने बिजली बिल हाफ करने का वादा किया था। बिजली बिल हाफतो नहीं हुआ बिजली दोगुनी रफ्तार से बढ़ गई। कोरबा की जनता बिजली की समस्या से दर दर भटक रही है। अधिक से अधिक बिजली बिल दिया जा रहा है। कोरबा में बिजली की आंख मिचौली से काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निश्चित तौर पर कांग्रेस सरकार झूठे वादे कर सत्ता में आई लेकिन प्रदेश की जनता अब जान गई है।। ऐसी झूठी सरकार को सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है। कोरबा की जनता बदलाव चाहती है। इस अवसर पर भाजपा कोरबा मंडल के पदाधिकारी कार्यकर्ता जिला पदाधिकारी एवं स्थानीय लोग जनसंपर्क पदयात्रा में शामिल थे।

### जिले में किंग कोबरा के संरक्षण के लिए राज्य शासन ने बड़ी पहल की

**कोरबा** । कोरबा-छत्तीसगढ़ का कोरबा जिला मध्य भारत में किंग कोबरा का एक मात्र घर है। यह दुनिया का सबसे लंबा विषैला सर्प प्रजाति है जो 18 फीट तक होता हैं। दो साल पहले इसके संरक्षण के लिए छत्तीसगढ़ वन विभाग ने एक पायलट प्रोजेक्ट के माध्यम से पहल की थी जिससे राज्य में पहली बार किंग कोबरा एवं इसके रहवास के बारे में विस्तृत जानकारियां पता चली। कोरबा के अलग-अलग क्षेत्र से किंग कोबरा रिपोर्ट किए गए इसके साथ ही कई जगह इनके केचुली एवं घोसलो का पता चला जिससे इस बात की पुष्टि हुई की किंग कोबरा प्राय कोरबा जिले के अलग-अलग रहवास में पाया जा रहा है। इस खास प्रजाति के सर्प को और बारीकी से जानने एवं इनके रहवास का सर्वेक्षण करने हेतु निविदा आमंत्रित की गई।

इस निविदा का उद्देश्य स्थानीय लोगों को जागरूक करना और उनके माध्यम से इस दुर्लभ सरीसृप का संरक्षण करना और कोरबा जिले में बेहतर सर्पदंश प्रबंधन करना आदि शामिल है।

# निलंबित सहायक समिति प्रबंधक विजय कुमार बेहरा को रिकवरी की राशि जमा किए बिना डी. आर. ऑफिस से बहाली के लिए बनाया जा रहा दबाव

जोहार छत्तीसगढ़ – लैलूंगा।

**रायगढ़ जिले के विकास खण्ड लैलूंगा अन्तर्गत आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित लैलूंगा और राजपुर हमेशा से ही सुर्खियों में बने रहना मानों इनके फितरत में सुमार है। धान खरीदी में भ्रष्टाचार तो किसानों के ऋण को लेकर घोटाला करना, पिछले धान खरीद सीजन सत्र 2022-23 में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित लैलूंगा पंजीयन क्रमांक 160 में पदस्थ सहायक समिति प्रबंधक बिजय बेहरा के ऊपर 17 लाख 25 हजार 525 रूपये की राशि का समिति के सक्षम अधिकारी के पूर्व अनुमति के बगैर आहरण कर गबन किया गया है ।**



जिसके संबंध में लगातार समाचार पत्रों के माध्यम से खबरें प्रकाशित हुई। जिस पर रायगढ़ जिला कार्यालय से संयुक्त जांच टीम बनाई गई। जांच टीम द्वारा पाया गया कि 11 नवंबर 2022 से 14 फरवरी 2023 तक सहायक समिति प्रबंधक के रूप में पदस्थ विजय बेहरा ने समिति के खाते से बिना सक्षम आधिकारी के अनुमति बगैर आहरण कर गबन कर लिया है और जिसके संबन्ध में जांच में आरोप सिद्ध होने पर 22 अगस्त 2023 को उप पंजीयक कार्यालय से जारी पत्र क्रमांक/उपरा/शाखा/2023/1166 में सहायक समिति प्रबंधक विजय कुमार बेहरा को आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित लैलूंगा, वर्तमान पदस्थापना आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित राजपुर पंजीयन क्रमांक 101 से निलंबित किया गया है । जिसके बाद भी विजय कुमार बेहरा ने दबंगई दिखाते हुए राजपुर मण्डी में लगातार आना जाना करता है । एवं विभाग द्वारा जांच करके वैधानिक कार्यवाही कर खयानत की राशि को जमा किए बिना बहाली कि कोशिश करना । आपको बता दें कि विजय कुमार बेहरा अपनी राजनैतिक और धन बल से पुन: आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित राजपुर पजीयन क्रमांक 101 में बहाली के लिए उप पंजीयक सहकारी संस्थाएँ रायगढ़ के द्वारा समिति को बहाल करने के लिए दबाव बनाने का कुत्शित प्रयास किया जा रहा है । शासकीय राशि के गबन के आरोप में विजय बेहरा को निलंबित किया गया है । विजय बेहरा के द्वारा उपरोक्त राशि को अभी तक जमा नही किया गया है । कार्यालय उप पंजीयक रायगढ़ के द्वारा दबाव बनाया जाना मतलब साफ है, कि विजय बेहरा की ओर से बिना नमक खाये तो डी. आर. ऑफिस के अधिकारी कर्मचारी किसी बंधुआ मजदूर तो नही हैं ? जिसके ऊपर 17, 25, 525 ( सत्रह लाख, पच्चीस हजार, पांच सौ, पच्चीस रूपये ) की गबन करने के बाद उसे पुन: बहाली कर देना कोई बेईमानी कम नही है । लगातार भ्रष्टाचार के आरोप लगने और आरोप सिद्ध होने के बाद पुन: बेहरा बंधुओं को धान खरीदी के लिए बहाली करना समझ से परे है । लेकिन एक बात निश्चित है कि विजय कुमार बेहरा के विरूद्ध आरोप सिद्ध होने के बाद बिना वसूली के बहाली की जाती है । तो आगामी धान खरीदी सत्र में किसी बड़े घोटाला होने की संभावना से इंकार नही किया जा है।

# पंडित रविशंकर शुक्ल नगर के सड़क के कार्य को यथाशीघ्र पूरा करें-महापौर

**कोरबा** । महापौर राजकिशोर प्रसाद ने रविशंकर नगर जोन क्षेत्रातर्गत वार्ड क्र. 23 में किए जा रहे सड़क डामरीकरण कार्य का वर्षा ऋतु के बाद पुन: शुभारंभ कराया। इस कार्य का भूमिपूजन लगभग 05 माह पूर्व में राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के मुख्य अतिथ्यि एवं सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत के गेस्ट आफ आनर हुआ था, इस कार्य के भूमिपूजन हो जाने के बाद इसमें डी.एस.पी., डब्ल्यू.एम.एम. का कार्य करने के साथ ही अन्य प्रकार के कार्य किये गये थे, लेकिन बारिश होने की वजह से कार्य को बीच में ही रोक दिया गया था, अब वर्षा ऋतु के थम जाने पर यह कार्य पुन: प्रारंभ किया गया है। इस मौके पर उन्होने पूरी गुणवत्ता के साथ डामरीकरण कार्य करते हुए समयसीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश अधिकारियों व निर्माण एजेंसी को दिए।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 23 के अंतर्गत रविशंकर शुक्ल नगर चौक से दादर चौक तक सड़क डामरीकरण का कार्य कराया जा रहा है। इस मौके पर महापौर श्री प्रसाद ने कहा कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के लगातार प्रयासों से कोरबा शहर तथा निगम के उपनगरीय क्षेत्रों के साथ-साथ कोरबा जिले की सड़कों का कायाकल्प किया गया है। उन्होने कहा कि कोरबा शहर के सभी प्रमुख मार्गो व आवासीय तथा व्यवसायिक क्षेत्रों की सडकों के डामरीकरण, सड़कों का नवीनीकरण व जीर्णोद्धार के कार्य व्यापक पैमाने पर किए गए हैं, जो अभी निरंतर जारी हैं। कोरबा नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत सड़क संबंधी समस्त समस्याओं का सम्पूर्ण निदान किया गया है। महापौर श्री प्रसाद ने आगे कहा कि नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा आमनागरिकों को मूलभूत सुविधाओं की निरंतर उपलब्धता की दिशा में व्यापक पैमाने पर कार्य हुए हैं, सड़कों के साथ-साथ पानी, बिजली, स्ट्रीट लाईट सहित अन्य मौलिक सुविधाओं की सहज उपलब्धता यहाँ के नागरिकों को सुगम रूप से प्राप्त हो रही है। इसके अतिरिक्त कई प्रकार की जनसमस्याओं से हमारी सरकार ने आमजनता को निजात दिलवाई है और हमारी सरकार द्वारा नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में भी सड़क डामरीकरण कार्य पूर्ण कराया जा रहा है, कोई भी वार्ड सड़क डामरीकरण कार्य से अछूता नहीं है।

# तेंदुआ खाल तस्करी मामले में ओडिशा के दो आरोपी गिरफ्तार

## उदंति सीतानदी टाईगर रिजर्व की एन्टी पोचिंग टीम और पुलिस साइबर सेल की संयुक्त कारवाई

जोहार छत्तीसगढ़- गरियाबंद।

वन विभाग और पुलिस द्वारा जिले में तेंदुआ खाल के तस्करी को लेकर लगातार कारवाई कर रही है। बीते शुक्रवार की रात को उदंति सीतानदी टाइगर रिजर्व की एंटी पोचिंग टीम और पुलिस की साइबर सेल ने ओडिशा सीनापाली के बोडेन तक पिछा कर ओडिशा के खाल तस्कर को धर दबोचा। संयुक्त कारवाई में पहले नुआपडा के कंदर्प राणा को एक नग तेंदुआ खाल के साथ गिरफ्तार किया फिर 7 अक्टुबर को आरोपी के शिनाख्त पर मोहन बंजारा बामनीगुडा को गिरफ्तार कर लिया है। इसी तरह इसमें संलिप्त अन्य पांच आरोपियो की तलाश जारी है।



### गरियाबंद के गोहरापदर में सक्रीय थे खाल के पांच से छह तस्कर

ओडिशा के खाल तस्कर तेतलखुंटी और गोहरापदर मार्ग में सक्रीय थे जिसकी सूचना मिलते ही संयुक्त टीम मौके पर पहुंची टीम को आता देख तस्कर खा लेकर ओडिशा की और भागे जिनमें से एक को बोडेन में घेराबंदी कर दबोच लिया बाकि के आरोपी फरार हो गये। फरार आरोपियों में से एक को फिर गिरफ्त में लिया गया। और बाकि के लिये खरियार वन मंडल को सूचना कर दी गयी है।

### राज्यस्तरीय उडनदस्ता और मुखबिर की सूचना पर हुई कारवाई

बीते 6 अक्टुबर को राज्यस्तरीय उडनदस्ता को मुखबिर से ये सूचना मिली थी की ओडिशा के खाल तस्कर छग के गरियाबंद में खाल के साथ सक्रीय है। वन मंत्री मोहम्मद के आदेश व पीसीसीएफ एम मर्सी बेल्ला के निर्देश और टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन के मार्गदर्शन पर अन्तर्राज्यीय गिरोह पर बड़ी कारवाई की गयी है।

### तीर से शिकार करने के निशान पाये गये

संयुक्त टीम द्वारा पकड़े गये तेंदुआ खाल में तीर से शिकार करने के निशान पाये गये है। तेंदुआ खाल में चार सेमी का गहरा निशान है जिसे वन विभाग ने तीर के निशान के रूप में पहचान की है वही खाल सिर से पूंछ तक की लम्बाई 2 मीटर 70 सेमी है। पाये गये तीर के निशान से वन विभाग को अंदेशा है उदंति अभ्यारण्य में जंगली जानवरों का शिकार लगातार हो रहा है। और इसे रोकने वन विभाग भी लगातार कारवाई कर रहा है।

### वन्य प्राणी अपराध अधिनियम के तहत कारवाई

वन विभाग आरोपियों को पकड़ बफर जोन हेडक्वार्टर ध्रुवागुढी लाकर पूछताछ करने पर अपराध कबुले जाने से वन अपराध अधिनियम पीओआर 179/4 के तहत उन पर कारवाई कर रही है। मामले के विवेचक डिप्टीरेंजर चंद्रबली ध्रुव आरोपियों को न्यायलय पेश करने कागजी कारवाई में जुटे हैं।

# छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार दिल्ली दरबार की एटीएम-रघुवर

जोहार छत्तीसगढ़- कोरिया।

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार की बघेल बैंक चल रही है और इस बैंक में पैसा जनता जमा नहीं करती बल्कि कोयला, महादेव सट्टा एप, शराब का सिंडिकेट चलाने वाले लोग जमा करते हैं। कांग्रेस सरकार प्रदेश की जनता को गुमराह कर रही है। सत्ता में आने के लिए कांग्रेसियों ने सरगुजा संभाग के लोगों को बरगलाया कि यदि कांग्रेस की सरकार बनती है तो क्षेत्र के शीर्ष नेता टीएस सिंहदेव को मुख्यमंत्री बनाया जाएगा क्षेत्र की जनता ने बड़ी आशा एवं उम्मीद के साथ कांग्रेस को विजयी दिलाई वहीं अन्य क्षेत्र में ताम्रध्वज साहू को मुख्यमंत्री बनाने की बात कही थी। लोगों को गुमराह कर भूपेश बघेल को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया गया। उक्त बातें भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने गत दिवस एसईसीएल विश्राम गृह में प्रेस वार्ता में कहीं उन्होंने कहा कि पिछले 9 वर्षों में हमारी सरकार द्वारा न केवल वंचित, शोषित लोगों को मुख्य धारा से जोड़ा बल्कि उनका सशक्तिकरण भी किया है। आज दुनिया कह रही है कि 21 वीं सदी भारत की सदी है। प्रेस वार्ता के दौरान




उन्होंने छत्तीसगढ़ की बघेल सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार दिल्ली दरबार का एटीएम है। ये सरकार पूरी तरह भ्रष्टाचार में संलिप्त है। इस सरकार के भ्रष्टाचार, कमीशन खोरी का आधा पैसा दिल्ली दरबार को जाता है प्रदेश की पहचान को भूपेश सरकार ने बदनाम करने का काम किया। छत्तीसगढ़ में शराब और सट्टेबाजी का कारोबार फल फूल रहा है कांग्रेस सरकार ने शराबबंदी का वादा किया था परंतु क्या हुआ शराबबंदी तो नहीं हुई उल्टा 2000 हजार करोड़ का घोटाला जरूर कर दिया। सरकार ने तो शराब की होम डिलीवरी योजना तक चालू कर दी प्रदेश के पूरे विधायकों को लूट पाट करने की खुली छूट दे दी गई है। इस क्षेत्र के जनप्रतिनिधि ने अवैध कार्यों को सरक्षण दिया जनहित का काम तो 5 वर्षों तक नहीं किया लेकिन चुनाव नजदीक आते ही शिलान्यास की होड़ लगा दी है, कांग्रेस को शायद नहीं मालूम की काठ की हांडी एक बार ही चढ़ती है। भ्रष्टाचार का आलम यह है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री के ओएसडी आज जेल में प्रदेश के प्राकृतिक संसाधन जैसे कोयला जिससे राज्य का राजस्व बढ़ता प्रदेश का खजाना भरता परंतु कोयले का अवैध धंधा चलाकर यह पैसा भूपेश बघेल बैंक के खाते में भेजा गया। आज माइनिंग सेक्रेटरी जेल में है तीन-तीन आईएएस जेल में है और मुख्यमंत्री के ओएसडी भी जेल में है ऐसी सरकार के खिलाफ जनता अब परिवर्तन का मन बना लिया है। झारखंड के पूर्व सीएम ने प्रेसवार्ता के दौरान पीएम मोदी की जमकर तारीफ की। इस दौरान उन्होंने महिला आरक्षण बिल को लेकर भी पीएम मोदी की सराहना की। उन्होंने कांग्रेस को चुनौती दी की जनता आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में जवाब देगी छत्तीसगढ़ की पहचान सरल, सादगी, ईमानदार और अपने मानवीय मूल्यों की विरासत के रूप में है इसी वजह से छत्तीसगढ़िया सबसे बढ़िया कहा जाता है। लेकिन बीते 5 वर्षों में कांग्रेस की भूपेश सरकार ने इनको कलंकित करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मेरे पूर्वज भी छत्तीसगढ़ से ही है और रोजी-रोटी के लिए झारखंड चले गए थे। ऐसी सरकार के खिलाफ जनता ने परिवर्तन का मन बना लिया है।

झारखंड में शराब की बंदी के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि हमने वादा नहीं किया था कांग्रेस वादा तो करती है पर पूरा नहीं करती शराब सामाजिक बुराई है हमने जन जागरूकता के माध्यम से इसे दूर करने का प्रयास किया सामाजिक बुराई कानून से कम नहीं की जा सकती इसके लिए क्रमिक रूप से दुकानों की संख्या कम करना होगा जो भारतीय जनता पार्टी की सरकार में हो रहा था।

एक अन्य प्रश्न पर उन्होंने कहा कि भाजपा वंशवाद परिवारवाद की पार्टी नहीं है हमारा मूल मंत्र सामूहिक नेतृत्व है भाजपा जो कहती है वह करती है हम घोषणा पत्र में जो वादा करते हैं उसे पूरा करने का प्रयास जरूर करते हैं चुनाव के समय कांग्रेस का हाथ गरीब के साथ होता है पर चुनाव जीतने पर कांग्रेस का हाथ भ्रष्टाचार के साथ चला जाता है क्षेत्र की जनता इसका जवाब जरूर देगी।

प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल केसरवानीए पूर्व विधायक श्याम बिहारी जायसवाल श्रीमती चंपा देवी पावलेए अरविंद अग्रवालए श्रीमती मुनमुन जैनए मनोज जैनए ओमप्रकाश अग्रवाल मौजूद रहे।

# सामूहिक जलप्रदाय योजना नदी पार के नौ गांव के लिये वरदान साबित होगा

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।

**विलंब के चलते भाजपा के चुनावी मुद्दे में शामिल था सुपेबेड़ा समेत 9 गांव के 2074 घरों में फिल्टर पानी पहुंचाने वाली समूह जल प्रदाय योजना, 4 साल बाद आचार सहिता लागू होने से पहले आज शुरू हो गया काम 8 करोड़ 45 लाख की लागत वाली योजना 12 माह के भीतर बन कर होगा तैयार।**






ग्रामीण बोले अब मिलेगा साफ पानी। किडनी रोगियों से पीड़ित गरियाबंद जिले के सुपेबेड़ा में तेल नदी का साफ पानी देने बनी सामूहिक जल प्रदाय योजना का काम आखिरकार आज शुरू हो ही गया। ग्राम सरपंच चंद्रकला मसरा, पंच पूरित राम नायक, समेत ग्राम प्रमुखों की मौजूदगी में आज पीएचई विभाग के ई ई पंकज जैन ने 8 करोड़ 45 लाख लागत से बनने वाली समूह जल प्रदाय योजना का काम शुरू करवाया। पहले दिन आज 10 लाख लीटर पानी स्टोरेज करने वाले 21 मीटर ऊंची पानी टंकी के नीव को खनन का काम हुआ। जल जीवन मिशन के तहत जिले की यह पहली ऐसी स्कीम है जंहा एक साथ कई गांव को फिल्टर पानी दिया जाएगा।

### 9 गांव के 2074 घरों तक जायेगा फिल्टर पानी

पंकज जैन ने ग्रामीणों से कहा की योजना को 8 से 10 माह के भीतर पुरी कर लेंगे। जैन ने बताया की इस अनुबंधित कार्य में पानी की टंकी के अलवा तेल नदी किनारे इंटक वेल बनेगा जो सीधे रिमूवल प्लांट को पानी की सप्लाई देगी और 10 लाख लीटर क्षमता वाले टैंक में पानी एकत्र होगा। जहा से

सुपेबेडा के 430 घरों के अलावा, निष्टीगुड़ा, सेनमूड़ा, ठीरलीगुड़ा, सागौनभाड़ी, खम्हारगुड़ा, खोकसरा, परेवापाली, मोटरापारा के कूल 2074 घरों को पीने का साफ पानी उपलब्ध होगा। उल्लेखीत अन्य गांव में जेजेम के तहत 70 हजार लीटर क्षमता वाले पानी टंकी का निर्माण पहले से शुरू कर दिया गया है। जिसमें सुपेबेडा के इसी टैंक से सप्लाई दिया जाएगा। हेड वर्क के इस कार्य में 16 किमी लंबी मुख्य पाइप लाइन स्टाफ क्वाटर व सीसी सड़क का काम भी शामिल है।

### 48 मौत से शुरू हुई थी योजना की रूपरेखा, मौत 90 पार हुआ तब जाकर काम शुरू

2011 में सुपेबेड़ा में जब किडनी की बिमारी में 48 मौत हुई थी तब से तेल नदी के साफ पानी की मांग उठ रही थी। योजना का सर्वे और डीपीआर भाजपा के दूसरे साशन काल तक बना लिया गया था, भाजपा के तीसरी पारी में मौत का आंकड़ा 60 पार हो चुका था, लेकिन साफ पानी की योजना केवल फाइलों में थी, सरकार बदली तो कांग्रेस सरकार के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव व पीएचई मंत्री गुरु रुद्र ने राज्य सरकार के मद से जल आवर्धन योजना के नाम से 10 करोड़ की मंजूरी का एलान कर दिया। टेंडर लगने की प्रकिया शुरू हो ही रही थी। लेकिन 2019 में केंद्र पोषित जल जीवन मिशन लागू हो गया। सरकार ने पहले चली फाइलों को समेट करए जल जीवन मिशन के मद में शामिल कर इसे समूह जलप्रदाय योजना का नाम दे दिया। राज्य मद के समय 3 और फिर मिशन में शामिल होने के बाद 3 टेंडर अलग अलग कारणों से फेल होता गया। इसलिए एलान के 4 साल बाद काम शुरू नहीं हो सका। इस सरकार के अंतिम राज्य स्तरीय कमेटी में आखिरकार किसी तरह सुपेबेडा सामूहिक जल प्रदाय योजना के लिए टेंडर लगा कर काम आज शुरू करा लिया गया।

### विपक्षी बनाता मुद्दाएजवाब देने सांसे फूल रही थी सरकार की

2018 में एलान के बाद इस योजना की बड़ी बड़ी होर्डिग पोस्टर राजधानी के चौराहे से लेकर सरकारी वेबसाइट में नजर आता रहा। विधान सभा में उठाए सवालो के जवाब में भी सरकार इस सुविधा के हवाला देकर सुपेबेडा मुद्दे में विपक्ष का मूंह बंद करा दिया करती थी, ऐसे में सुपेबेडा के लोगो को तेल नदी का पानी पिलाना राजकीय मुद्दा बन चला था। कांग्रेस सरकार के अंतिम पड़ाव में काम न होता देख भाजपा इसे चुनावी मुद्दे में प्रमुख रूप से शामिल कर लिया था। लेकिन आचार संहिता से ठीक पहले मिशन संचालक आलोक कटियार, विभाग के ईएनसी एमएल अग्रवाल, टेंडर प्रोसीजर संभालने वाले ई ई कैलाश मडिया, गरियाबंद ई ई पंकज जैन जैसे ऑफिसर ने समय रहते काम शुरू करवा कर सरकार को राहत दिलाने में सफल रहे।

## एक नजर

### छ.ग.प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ 'रामानुजनगर' के ब्लॉक अध्यक्ष बने राधे साहू

जोहार छत्तीसगढ़ -सूरजपुर।



छ ग प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ जिला सूरजपुर, विकासखण्ड रामानुजनगर के ब्लॉक अध्यक्ष की जिम्मेदारी राधे साहू को दी गई।

उक्ताशय की जानकारी देते हुवे संघ जिला कोषाध्यक्ष भुवनेश्वर सिंह व जिला प्रवक्ता मनोज कुशवाहा ने बताया कि जिला स्तरीय कमेटी में अनुमोदन उपरांत जिलाध्यक्ष सचिन त्रिपाठी,जिला उपाध्यक्ष गिरिवर यादव,जिला प्रवक्ता नसरीन बानो की उपस्थिति व प्रांतीय संगठन मंत्री राकेश शुक्ल के निर्देशन में उपस्थित शिक्षको की सर्वसम्मति से राधे साहू को रामानुजनगर के ब्लॉक अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई।

साथ ही उन्हें यथा शीघ्र कार्यकारिणी विस्तार हेतु निर्देशित किया गया।विदित हो कि राधे साहू पूर्व में संगठन के जिला प्रवक्ता पद के दायित्व का निर्वहन कर रहे थे।

### पुरानी योजना लागू होने से 10 कर्मियों का अंशदान जमा होगा पेंशन ट्रस्ट में

**कोरबा** । विद्युत कंपनी में पुरानी पेंशन योजना लागू होने से 10 हजार कर्मियों के अंशदान की 10 प्रतिशत राशि भविष्य निधि खाते में और कंपनी की अंशदान राशि पेंशन ट्रस्ट में जमा होगी। वर्तमान में कर्मियों के अंशदान कटौती में साढ़े सात करोड़ तथा नियोक्ता कंपनी द्वारा 14 प्रतिशत की दर से साढ़े पांच करोड़ पीएफआरडीए में जमा किया जा रहा है। नए कर्मियों के अंशदान की राशि जमा होने से पेंशन ट्रस्ट भी मजबूत होगा।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी के 10 हजार कर्मियों के लिए वर्ष 2004 से नई पेंशन की जगह पुरानी पेंशन की घोषणा होने से कर्मचारियों को लंबे संघर्ष बाद सफलता मिली है। पुरानी पेंशन के निर्णय के लिए शासन व कंपनी स्तर पर लगातार प्रयासरत छत्तीसगढ़ विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन एक के प्रांतीय अध्यक्ष सुरेंद्र शुक्ला एवं महामंत्री आरसी चेट्टी ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, ऊर्जा मंत्री व राजस्व मंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया। चेट्टी ने बताया कि पुरानी पेंशन के लागू होने से नए भर्ती हुए अधिकारी. कर्मचारी परिवारों को पुरानी पेंशन के रूप में सामाजिक सुरक्षा मिलेगी। इस निर्णय से कर्मियों को उनके सेवानिवृत्ति पर पेंशन के रूप में सम्मानजनक राशि प्राप्त होगी। पूर्ववर्ती राज्य मध्य प्रदेश विद्युत मंडल में सभी कर्मचारियों के लिए पेंशन की शुरुआत, मान्यता प्राप्त संगठन फेडरेशन एक द्वारा वर्ष 1987 में की गई थी, उस दौरान 45 हजार कर्मी पेंशन के लिए पात्र थे। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल गठन पश्चात फेडरेशन एक के प्रयास से छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल भविष्य निधि तथा पेंशन ग्रेच्युटी ट्रस्ट का गठन किया गया, वर्तमान में इसी ट्रस्ट से पेंशन का भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने संगठन की ओर कंपनी प्रबंधन को पेंशन संबंधी आदेश व नियम शीघ्र जारी करने कहा है।

विद्युत कंपनी में वर्ष 2001 में गठित पेंशन ट्रस्ट में मंडल. कंपनी ने प्रारंभ में 140 करोड रुपये जमा किया था। उसके पश्चात कंपनी द्वारा ट्रस्ट में समय-समय पर दिए गए कोष से वर्तमान में पेंशन ट्रस्ट में 4,200 करोड़ रुपये जमा है। महासचिव चेट्टी ने बताया कि वर्तमान पेंशन ट्रस्ट से लगभग 15,500 पेंशनरों को प्रतिमाह 103 करोड रुपए पेंशन के रूप में भुगतान किया जा रहा है। पेंशन मद के भुगतान की राशि तीनों ही कंपनी द्वारा नियामक आयोग के आदेश अनुसार 1200 करोड रुपये प्रतिवर्ष पेंशन ट्रस्ट में जमा की जा रही है।

छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल अभियंता संघ के प्रदेशाध्यक्ष राजेश पांडेय ने बताया कि पिछले दिनों पावर इंजीनियर्स कांक्लेव में संघ की ओर से तीन मांग रखी गई थी, इसमें दो मांग पर मुख्यमंत्री ने घोषणा कर दी थी। इसमें प्रमुख रूप से विद्युत कंपनी में कैशलेस चिकित्सा सुविधा व अभियंताओं के लिए तीन प्रतिशत तकनीकी भत्ता की मांग थी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कैशलेस चिकित्सा व तकनीकी भत्ता से अभियंता लाभांवित हो रहे हैं। वहीं पुरानी पेंशन योजना लागू होने से युवा अभियंताओं की बहुप्रतीक्षित ओपीएस की मांग भी पूरी हो गई। पांडेय ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उर्जा मंत्री टीएस सिंहदेव, राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल व विद्युत कंपनी के अध्यक्ष अंकित आनंद का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अभियंताओं ने कर्मठता के साथ कार्य करने व प्रदेश में सस्ती व सुलभ विद्युत उपलब्धता सुनिश्चित होए इसके लिए संकल्प लिया है।

# आक्रोश रैली में ABVP कबीरधाम के हजारों विद्यार्थी हुए शामिल






**कवर्धा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् छत्तीसगढ़ प्रांत के आह्वान पर छत्तीसगढ़ में बढ़ते महिला उत्पीडन के मामले एवं भर्तियों में हों रहें व्यापक भ्रष्टाचार के विरोध में छात्र आक्रोश रैली में कवर्धा ज़िले के हजारों कार्यकर्ता शामिल होकर छत्तीसगढ़ में बैठी भ्रष्ट कांग्रेस सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया। अभाविप जिला संयोजक तुषार चन्द्रवंशी ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में कथित कका हमारे कका के नाम पर कलंक है छत्तीसगढ़ के युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर अपने पुत्र पुत्रियों को बड़े बड़े पदों में पहुंचा कर छत्तीसगढ़ के गांव गरीब के बच्चों के खिलवाड़ कर रही है। छत्तीसगढ़ में प्रतिदिन 03 से अधिक बालात्कार के मामले चौंकाने वाली बात है शांति के टापू में जिस तरह बालात्कार एवं अपराध के मामले बढ़े हैं छत्तीसगढ़ वासियों के लिए चिंता का विषय है। छत्तीसगढ़ के गांव गांव से पहुंची छात्र शक्ति ने भुपेश बघेल के 05 वर्षों के कुकर्मों से त्रस्त जनता को निजात दिलाने राजधानी रायपुर में जंगी प्रदर्शन करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। छात्र आक्रोश रैली में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय महामंत्री श्री याज्ञवल्क्य शुक्ल राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री प्रफुल्ल अंकात क्षेत्रीय संगठन मंत्री चेतस सुखाडिया प्रांत संगठन मंत्री श्री महेश साकेत मंत्री श्री मनोज वैष्णव एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पामशाला में 100 युवाओं ने बजरंग दल में किया प्रवेश

### व्हीएचपी और बजरंग दल के सम्मेलन पामशाला में सम्पन्न



जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के तपकरा प्रखंड के पामशाला में जिला इकाई की पहली बैठक 100 युवाओं ने बजरंग दल में प्रवेश किया। उन्होंने इस संगठन द्वारा देश हित और हिन्दुत्त्व के लिए कार्य सें प्रभावित होकर अपनी आस्था जताते हुए बजरंग दल में प्रवेश किया। इस अवसर पर बजरंग दल के समर्पित जिला अध्यक्ष राजकुमार विजय आदित्य सिंह जूदेव ने कहा कि बजरंग दल आज करोड़ों हिंदू युवाओं का प्रेरणास्त्रोत है। यही कारण है कि बड़े गर्व और स्वाभिमान के साथ देश के युवा बजरंग दल से जुड़ रहे हैं। वे देश धर्म संस्कृति की रक्षा हेतु अपना सक्रिय योगदान देना चाहते हैं। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर श् बजरंगदल जॉइन कर रहे है। विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के तपकरा प्रखंड के पामशाला में जिला इकाई की पहली सम्मलेन विश्व हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष करनेल सिंह और बजरंग दल के जिला अध्यक्ष राजकुमार विजय आदित्य सिंह जूदेव, कल्याण आश्रम के वरिष्ठ मार्गदर्शक मैनेजर राम, अरविन्द भगत, प्रखंड संयोजक घनश्याम चौहान की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में भाजयूमो जिला महामंत्री गोपाल कश्यप, मंडल अध्यक्ष राजेश फेंटा चौधरी, कुनकुरी ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मयंक सहाय एवं सीताराम गुप्ता, राजीव गुप्ता एवं अन्य सैकड़ों कार्यकर्त्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित हुए।

# 15 अक्टूबर से नवरात्रि प्रारंभ रतनपुर महामाया मंदिर ट्रस्ट द्वारा किया गया नवरात्रि की तैयारी के लिए आवश्यक बैठक





जोहार छत्तीसगढ़ - रतनपुर।

आने वाले 15 अक्टूबर से नवरात्रि प्रारंभ होने जा रहा है जिसकी तैयारियों को लेकर महामाया मंदिर ट्रस्ट के द्वारा सम्मानित नागरिकों से सुझाव आमंत्रित किया जाता है उसी कड़ी में आज महामाया ट्रस्ट के अध्यक्ष आशीष सिंह ठाकुर एवं मैनेजिंग ट्रस्टी अरुण शर्मा के नेतृत्व में बैठक रखी गई जिसमें नवरात्रि में दर्शनार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो इसके लिए सुझाव मांगे गए जिसमें बड़ी संख्या में नगर के प्रतिष्ठित नागरिकों के द्वारा साफ सफाई, पानी, व्यवस्था, भंडारा ,जस गीत इत्यादि व्यवस्था के लिए सुझाव दिए गए जिसे मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों के द्वारा सुना गया और उस पर अमल करने की बात कही गई मन्दिर ट्रस्ट के अध्यक्ष आशीष सिंह ठाकुर ने बताया कि इस बार एक नया सुझाव आया है कि दर्शनार्थीयो के लिए लाईन में जो बुजुर्ग घंटों खड़े रहते हैं उनकी सुविधा के लिए इस बार जगह जगह बैठने के लिए कुर्सी की व्यवस्था की जाएगी वहीं उसने कहा कि नवरात्रि के दौरान सुबह 5 बजे से रात्रि 12 बजे तक मंदिर के पट खुले रहेंगे और सप्तमी के दिन 24 घंटे दर्शन लाभ मिलेगा जिससे नवरात्रि पर्व मे दर्शनार्थीयो को देवी दर्शन का लाभ सुगमता के साथ मिल सकें और उन्हें आवागमन इत्यादि में कोई परेशानी ना हो इसके लिए मंदिर ट्रस्ट प्रबंधन के द्वारा व्यवस्था की जा रही है।





# सरकारी संरक्षण में रेत के अवैध कारोबार से मालामाल हो रहे कांग्रेसी- डॉ खिलावन साहू

जोहार छत्तीसगढ़ - सक्ती।

**सक्ती सहित पूरे छत्तीसगढ़ में रेत का अवैध उत्खनन सरकारी संरक्षण में बेरोकटोक जारी है। रेत का संकट बताकर इसके अवैध कारोबार में लगे कांग्रेसी प्रदेशभर में मालामाल हो रहे हैं और जनता लुट रही है। यह दावा करते हुए डॉ खिलावन साहू ने आगे कहा कि कोयला घोटाले में प्रदेश के शेडो सीएम सौम्या चौरसिया, सूर्यकांत तिवारी सहित और भी कुछ लोग या तो जेल में हैं या बेल पर हैं।**



राज्य के खनिज से जुड़ा यह घोटाला हजारों करोड़ का था, इसलिए ईडी की नजर इनपर पड़ गई। लेकिन रेत, मुरुम, गिट्टी आदि गौण खनिजों की तस्करी में लिप्त दूसरे शेडो सीएम ऐजाज ढेबर के खनिज माफिया गुर्गे अभी भी बेखौफ प्रदेशभर में अपनी गतिविधियां संचालित कर रहे हैं। इनके सत्ता की धौंस और बाहुबल का भय के आगे प्रशासनिक अधिकारी भी नतमस्तक हैं।

प्रदेश की भूपेश सरकार पर भ्रष्टाचार और अवैध कारोबारों में लिप्त होने का आरोप लगाते हुए पूर्व विधायक डॉ खिलावन साहू ने आगे कहा कि पिछले दिनों रेत माफियाओं द्वारा अरपा नदी में खोदे गए गड्ढे में डूबने से दो बहनों सहित तीन की मौत हो गई थी। राजनांदगांव जिले में नदी से निकाले गए अवैध रेत के साथ एक शव का भी परिवहन हो गया था। राजिम में खनिज विभाग की टीम पर जानलेवा हमला किया गया। सारंगढ़ के टिमरलगा में रायगढ़ के तात्कालीन सहायक कलेक्टर को कुचलने का प्रयास किया गया। लेकिन इस सरकार में दुर्भाग्य यह है कि ऐसे मामलों की जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करने की जरूरत तक भूपेश बघेल ने महसूस नहीं की। ऐसा इसलिए कि मुख्यमंत्री जानते हैं कि इन करतूतों के पीछे उनके ही लोगों का हाथ है। उन्होंने आगे कहा कि इन रेत माफियाओं ने प्रदेश की नदियों का स्वरूप ही बिगाड़ दिया है। नदियों में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। नदियों की दिशा बदलने लगी है। इसका बुरा असर यह है कि बांध, स्टापडेम में पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा है। ऐसे में सिंचाई और उद्योगों के लिए पानी की समस्या तो खड़ी होगी ही, कुछ साल बाद लोगों को पेयजल के लिए भी तरसना पड़ सकता है।

डॉ खिलावन ने कहा कि प्रदेश में प्रतिबंध के बाद भी रेत का अवैध कारोबार धड़ल्ले से जारी है। बलौदाबाजार जिले में हाल ही में ग्रामीणों ने रेत से भरे कई हाइवा को 30 घंटे तक रोके रखा, लेकिन अवैध कारोबारियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। ऐसे मामले रोज प्रदेश भर में सामने आ रहे हैं।

सरकार और जिला प्रशासन अवैध उत्खनन रोकने कुछ नहीं कर रहे हैं। प्रदेश में जो रेत का ट्रक एक महीने पहले 8000 रुपए का मिलता था वो अब 20 हजार का हो गया और आम आदमी की पहुंच से बाहर चला गया है डॉ खिलावन साहू ने कहा कि इससे निर्माण कार्य रुक गए हैं। अवैध खनन बिना किसी रोक-टोक जारी है। सरकार क्या कर रही है। उन्होंने कांग्रेस के मंत्रियों और विधायकों पर बरसते हुए कहा कि कहा कि अब पूरा छत्तीसगढ़ अवैध उत्खनन का गढ़ बन चुका है। प्रदेश में रेत और पत्थर के अवैध खनन और कारोबार ने माफिया का रूप ले लिया है। ऐसा लगता है कि इन माफियाओं पर प्रशासन और खनिज विभाग का कोई नियंत्रण नहीं है। जहां अनुमति नहीं है वहां अवैध उत्खनन बेरोकटोक जारी है, वहां संगठित गिरोह पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने लगे हैं। खनन नियमों का पालन कराने और अवैध खनन रोकने में शासन-प्रशासन प्रभावी कार्यवाही नहीं कर पा रहा है जिससे माफिया के हौसले बुलंद हैं। कुल मिलाकर छत्तीसगढिया अस्मिता को बचाने का ढोंग रचने वाले वामपंथियों के नियंत्रण में चल रही भूपेश सरकार छत्तीसगढ़ के प्राकृतिक संसाधनों की लूट में लगी हुई है और यह छत्तीसगढ़ के लिए खतरे की घंटी है। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर यहां की सरकार अवैध खनन रोकने में नाकाम है। यहां खनन रोकने वालों की सांस रोक दी जाती है। यह सरकार ऑफ द माफिया, फॉर द माफिया एवं बाय द माफिया है।

# एपीएल सयंत्र स्थानीय ग्रामीणो के साथ कर रहा सौतेला व्यवहार

## हाइड्रोक्लोरिक एसिड मिश्रित जल से फसल बर्बाद जल प्रदूषित एसडीएम को दिया ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़ – उड़ेला

**सिमगा ब्लाक के केसदा रिगनी में निर्माणाधीन एपीएल अपोलो सयंत्र शुरु से ही विवादो में है आपोलो कंपनी पर ग्रामीणो का कहना है की स्थानिय मजदूरो को कम मजदुरी दी जाती है एवं स्थानिय लोगों को धिरे धिरे कार्य से निकाला जा रहा है**

सयंत्र स्थानिय लोगों की लागातार उपेक्षा और सौतेला व्यव्हार कर रही है जिससे क्षेत्र वासियों में रोषव्यास है बताया जा रहा है की उक्त कंपनी के द्वारा स्थानीय एवम आसपास बेरोजगार ग्रामीणों की अनदेखी करते हुए उन्हें काम पर नही रखा जा रहा है वही अन्य प्रांत के मजदूर लाकर काम पर रखा जा रहा है कंपनी के प्रबंधक विकास कार्य में योगदान करने के बजाय अनदेखा कर रहा है जिस कारण आसपास के ग्रामीणों में एपील अपोलो के खिलाप खासी नाराजगी देखी जा रही है कंपनी स्थापना के बाजूद उनके क्षेत्र के लोगो को रोज़गार का अवसर नहीं मिल रहे है जबकि स्थानीय लोगो का प्रथम अधिकार होना चाहिए जमीन स्थानीय ग्रामीणों का गया प्रदुषण झेल रहे है और रोजगार बाहरी लोगो को मिल रहा है यहां स्थानिय लोग बेरोजगारी का दंश झेल रहे है प्रदुषण से फसल चौपट,पानी का स्तर घटा,और डस्ट के चलते बोर का पानी लाल हो गया है जिससेस्वास्थय पर असर डाल रही है स्थानीय लोगों के आवेदन को प्रबंधक के द्वारा दरकिनार कर बाहरि लोगों को काम व ठेका दिया जा रहा है सयंत्र के जिम्मेदार प्रबंधन के द्वारा बात करने पर संतोष जनक जवाब नही दिया जाता जबकि सयंत्र लगने से पहले इनके द्वारा



ग्रामीणो को आश्वाशन दिया गया था कि ग्रामीण जहा सयंत्र लगा हुआ है यहाँ के लोगों को प्राथमिकता पहले दी जाएगी लेकिन ठीक इसके विपरित कार्य किये जा रहे है ग्रामीणो के रिज्यूम को कचरे के डिब्बे में डाल दिए जाते है ग्रामीणों को गेट से वापस कर दिया जाता है जिससे ग्रामीण निरास है एपीएल सयंत्र के द्वारा किसानों से जमीन खरीदी गई तो लोगो को सयंत्र की जानकारी नही दी गई इस कारण विवादों में है जबकि जहाँ सयंत्र स्थापित है उसके आसपास के लगभग 6 कि मी के अंतर्गत आने वाले ग्राम गोद ग्राम के समान रहता है आज भी ग्राम मे संयन्त्र स्थपित होते हुए भी ग्राम केशदा रिगनी के 100 से अधिक लोग रायपुर ,तिलदा हमाली व रोजमर्रा के कार्य के लिए जाते हैं उप सरपंच भागवत वर्मा से जानकारी लेने पर उनके द्वारा बताया गया कि स्थानीय लोगों कोई स्थाई रोजगार नही दिया जा रहा और प्रबंधक के द्वारा मोबाइल नही उठाया जाता साथ ही हम जनप्रति निधि लोगो को भी घंटो गेट में इंतजार करना पड़ता है जिलापंचायत सदस्य रेणुका अभिनव यदु ने कहा फैक्ट्री प्रबन्धन के द्वारा पर्यावरण भू जल आपूति से परिमिशन नही लिया गया है और भू जल का प्रयोग भरपूर किया जा रहा है जिससे भू जल का स्तर नीचे गिरते जा रहा है जिससे भविष्य में कृषि कार्य, पीने के लिए स्थिति भयावह हो जायेगी साथ ही डोंगरिया सरपंच स्नेहा शम्मी टंडन झिरिया सरपंच पीलाबाई ने अनुभागीय अधिकारी से शिकायत में कहा गया है की हैद्रोक्लोरिक एसिड मिश्रित जल जो कंपनी के द्वारा बहाया जा रहा है उससे फसल चौपट हो रही है तथा भूमिगत जल प्रदूषित हो रहा है जनप्रतिनिधियों के कहना है कि स्थानीय ग्रामीणों को कोई स्थायी रोजगार नही दिया जा रहा है छूट पुट कार्य ठेकेदार के अंदर दिया जा रहा है जिससे जनप्रतिनिधि में आक्रोश है ग्रामीणों के हित के लिए बड़ा आंदोलन होने की आशंका है।

उपरोक्त संदर्भ में सिमगा एस डी एम अमित गुप्ता ने कहा की आवेदन प्राप्त हुआ है जांच कराई जाएगी।

# छिन्द रीपा की बेकरी यूनिट लघु उद्योग के रूप में हो रहा विकसित

जोहार छत्तीसगढ़–सारंगढ़।





मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा दूरगामी परिणाम को मद्देनजर ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार को बढ़ावा देने के लिए लघु उद्योग की स्थापना के लिए शुरू की किया गया महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क रीपा का परिकल्पना धरातल पर साकार हो रहा है। सारंगढ़ विकासखंड के छिंद रीपा में दिशा आदर्श स्वसहायता समूह ने बेकरी यूनिट का प्रारंभ अप्रैल 2023 में प्रारंभिक तौर पर शुरू किया है। आधुनिक बेकरी मशीन मई 2023 में प्राप्त होने और स्थापना के बाद से निरंतर बेकरी उत्पादन हो रहा है। इसमें कई प्रकार के बिस्किट, केक, ब्रेड आदि शामिल हैं। दिशा आदर्श स्वसहायता समूह की अध्यक्ष चन्द्रकला रात्रे ने बताया कि इस रीपा यूनिट से 7 लोगों को रोजगार मिला है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 15 लाख का बेकरी यूनिट मशीन और का कच्चा उत्पाद खरीदी के लिए एक लाख रूपए मिला है। शासन द्वारा दी गई इस राशि का भुगतान समूह को 10 साल में किश्तों में करना है। समूह ने बेकरी के लिए सांचा की खरीदी डेढ़ लाख में की है और आवश्यक पॉलीथीन की खरीदी 75 हजार में की है। उन्होंने बताया कि छिंद के आसपास के गांव सहित दूरदराज क्षेत्रों के व्यापारीगण इस बेकरी यूनिट का उत्पाद खरीद रहे हैं और सारंगढ़ के सारबिला सी-मार्ट में भी उत्पादन को बिक्री के लिए भेजा जाता है।

# छ.ग. ड्रायवर महासंगठन शाखा बलौदाबाजार-भाटापारा का शांतिपूर्ण तरीके हड़ताल संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़–बलौदाबाजार।





जिला बलौदाबाजार के सिमगा विकासखंड के अंतर्गत आने वाली खपराडीह में चालकों द्वारा ट्रांसपोटरों के विरुद्ध अपने मांगों को लेकर एक दिवसीय शांति पूर्ण तरीके से धरना प्रदर्शन किया गया वाहन चालको द्वारा

हड़ताल कर छ.ग. ड्रायवर महासंगठन शाखा बलौदाबाजार-भाटापारा द्वाराड्रायवर महासंगठन का मांगे इस प्रकार हैद्व सभी चालकों का पीएफ और एसआई कटना चाहिए। चालकों की ड्यूटी 12 घंटे से अधिक नहीं होना चाहिए। चालकों को 12 हजार रूपये मासिक वेतन एवं 500 रूपये प्रति ट्रीप भत्ता मिलना चाहिए।

चालकों की ड्यूटी माह में 26 दिन होनी चाहिए। सभी स्थानीय ट्रांसपोटर कंपनी में 50 प्रतिशत स्थानीय चालको की नियुक्ति होना चाहिए। यह कि चालक संघ द्वारा उपरोक्त सभी बातों को संगठन सीमान ट्रांसपोर्ट कंपनियों एवं स्थानीय सीमेंट फैक्ट्री में अपनी मांगों को विधि सम्मत रख चुक है परन्तु किसी ने भी चालको की मांगों को पूरा करने में गंभीरता नहीं लेने पर आगामी दिनों में बड़े स्तर पर विरोध किया जायेगा।

## एक नजर

### छ.ग. ग्रामीण आवास न्याय योजना के तहत 7 लाख परिवार को दी गई पहली किश्त

जोहार छत्तीसगढ़–सारंगढ़।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली सरकार ने छत्तीसगढ़ के आवासहीन परिवारों को पक्का मकान दिलाने के लिए लोकसभा सांसद राहुल गांधी के मुख्य आतिथ्य में बिलासपुर जिले के तखतपुर विकासखण्ड के ग्राम परसदा सकरी में 25 सितम्बर को छत्तीसगढ़ ग्रामीण आवास न्याय योजना की शुरूआत की है। जिसके तहत राज्य के 7 लाख आवासहीनों को पहली किश्त के रूप में 25.-25 हजार रूपए की राशि दी गयी है। सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण में नये 47 हजार पात्र लोगों को तथा श्रमिकों को भी आवास निर्माण के लिए राशि दी गई है। उल्लेखनीय है कि इस योजना में सिर्फ छत्तीसगढ़ सरकार ही आवासहीन हितग्राहियों को छत्तीसगढ़ ग्रामीण आवास न्याय योजना अंतर्गत मकान निर्माण की पूरी लागत राशि प्रदान करेगा। इस योजना के लिए राज्य सरकार ने इस वर्ष सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 कराया था।

### उड़न दस्ता, निर्वाचन कंट्रोल रूम, स्थैतिक और वीडियों निगरानी दल का प्रशिक्षण संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़–सारंगढ़।



कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में स्थैतिक निगरानी दल, वीडियो निगरानी दल, उड़न दस्ता एवं निर्वाचन नियंत्रण कक्ष कन्ट्रोल रूम की ड्यूटी से जुड़े अधिकारियों-कर्मचारियों को मास्टर ट्रेनरों द्वारा निर्वाचन के दौरान किए जाने वाले कार्यों का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर टीआर महेश्वरी उपस्थित थे।

### भक्तों को वितरित किया गया भगवान श्रीराम का छ.ग. वन गमन पथ का थ्रीडी पोस्टर

जोहार छत्तीसगढ़–सारंगढ़।



भगवान श्रीराम जी के छत्तीसगढ़ वन गमन पथ का थ्रीडी पोस्टर जनसंपर्क विभाग द्वारा सारंगढ़ और बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम पिकरीपाली, मंधाईभाठा, भाठागांव, कोसीर, मुडवाभांठा के सभी रामनामी शरीर में राम नाम का गोदना किए व्यक्ति 80 वर्षीय वरिष्ठ जनों को ससम्मान दिया गया। साथ ही कोसीर में आयोजित पितृ पक्ष में पाक्षिक रामायण पाठ करने वाले श्रीराम भक्तों, पत्रकार एवं साहित्यकार लक्ष्मीनारायण लहरे तथा ग्राम लेन्ध्रा में हनुमान मंदिर के पुजारी एवं रामायण पाठ करने वाले और श्रोता को भी प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि 6 अक्टूबर को कलेक्टोरेट सारंगढ़ में रामचरितमानस मंडलियों, इच्छुक व्यक्तियों और समीप के मंदिर में भजन करने वाले भक्तों को भी प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री बघेल को सभी श्रीराम भक्त श्रद्धालुजनों ने धन्यवाद दिया।

# किसान नेता योगेश भाजपा में हुए शामिल केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने समारोह में की शिरकत

जोहार छत्तीसगढ़ – बेमेतरा।

**बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के किसान नेता योगेश तिवारी ने राजधानी रायपुर के रावण भाटा मैदान में आयोजित समारोह में भाजपा के शीर्ष नेताओं की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।**

इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह, सांसद सुनील सोनी, पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, राजीव लोचन महाराज, पूर्व संसदीय सचिव लाभचंद बाफना, सुभाष तिवारी, संजय श्रीवास्तव की मौजूदगी में किसान नेता ने अपने हजारों समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए। किसान नेता ने कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का स्मृति चिन्ह से सम्मान किया। समारोह में बेमेतरा विधानसभा से 10 हजार से अधिक लोग शामिल हुए थे।

### योगेश के भाजपा में शामिल होने से पार्टी की बढ़ेगी ताकत

पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने संबोधन में कहा आज योगेश तिवारी के साथ हजारों की संख्या में उनके समर्थक आए हैं, सबसे अच्छी बात इतनी बड़ी संख्या में बुजुर्ग भी दिख रहे हैं, युवा भी दिख रहे हैं। मगर सबसे बड़ी उपलब्धि इतनी बड़ी संख्या में हमारी बहन आई है, उनका मैं विशेष स्वागत करता हूं। अब नहीं सहीबो, अब नहीं सहीबो, बदल के रहिबो 2023 में छत्तीसगढ़ में कमल खिलाना है, योगेश तिवारी जैसा हजारों साथियों सहित भाजपा में आता है तो पार्टी की



ताकत बढ़ जाती है।

### योगेश भाई व उनके समर्थकों का पार्टी में स्वागत

समारोह में मुख्य रूप से उपस्थित केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडविया ने कहा योगेश भाई और विशाल संख्या में उपस्थित सभी युवा और बहनों को पार्टी में स्वागत करता हूं। ऐसी पार्टी में प्रवेश कर रहे हैं, जो

भारत माता की जय करने के लिए बनी है। जिस पार्टी में इस नेशन फर्स्ट और व्यक्ति को तीसरे क्रम में माना जाता है। जिस पार्टी का नेतृत्व नरेंद्र मोदी कर रहा है, उस पार्टी का सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं।

### भाजपा में शामिल होकर लोगों की सेवा करने का सौभाग्य मिलेगा

*किसान नेता योगेश तिवारी ने कहा कि दिल्ली से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबसे करीबी नेता मनसुख भाई मांडवीया हम लोग को आशीर्वाद देने आए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के 15 साल की सरकार में हर वर्ग खुश था। आज भी पूर्व मुख्यमंत्री को चाउर वाले बाबा के नाम से जाना जाता है। किसान नेता ने कहा कि कहा 30 साल से राजनीति में हूं और पिछले 8 साल से किसान नेता के रूप में संघर्ष कर रहा हूं। विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है, जो पूरे देश की सेवा कर रही है, उस पार्टी में शामिल होकर लोगों की सेवा करने का सौभाग्य मिलेगा।*

# प्राथमिक शाला की शिक्षिका तृप्ती को मिला मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण पुरस्कार

जोहार छत्तीसगढ़ – रतनपुर।





शासकीय प्राथमिक शाला नयापारा संकुल गोंदईया विकासखंड बिल्हा में पदस्थ शिक्षिका तृप्ती यादव को शिक्षादूत पुरस्कार 2023 से

सम्मानित किया गया। यह सम्मान नगर विधायक माननीय शैलेष पाण्डेय रश्मि सिंह विधायक तखतपुर जिला शिक्षा अधिकारी बिलासपुर के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।अतिथियों के कर कमलो से राशि पाँच हजार रूपये,शाल,श्रीकल, प्रसस्ति पत्र प्रदान कर किया गया। वही जब वे इस पुरस्कार को प्राप्त कर अपने वर्तमान कार्यरत प्राथमिक शाला गोंदइया पंहुची तब शाला परिवार सहित छात्र छात्राओं ने उनका स्वागत किया तथा विद्यालय के प्रधानपाठक शकील अहमद खोखर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के इस छोटे से विद्यालय की शिक्षिका को इतना बड़ा सम्मान मिलना बहुत बड़ी तथा गौरव की बात है यह पूरे विद्यालय परिवार के लिए हर्ष का विषय है मैडम तृप्ती यादव अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठावान हैं और विद्यार्थियों के भविष्य गढ़ने में हम सबके साथ मिलकर खूब मेहनत करती हैं इसी कड़ी मेहनत का नतीजा है जो आज उन्हें यह सर्वोच्च पुरुस्कार से सम्मानित किया गया है।ग्रामीण क्षेत्र की प्राथमिक शाला पुरुस्कार प्राप्त कर आने पर आयोजित स्वागत समारोह में संकुल प्रभारी कुर्रे सर,शैक्षिक समन्वयक मधुसुदन दुबे सर,विद्यालय के प्रधानपाठक शकील अहमद खोखर,रामचंद्र गौतम, चमेली राज, नीलम राणा एवं समस्त शिक्षकों सहित छात्र छात्राओं ने अपनी शुभकामनाएँ प्रदान की है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in